लोग आपकी बातों पर संदेह करेंगे लेकिन वे आपके काम पर विश्वास करेंगे।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026 वर्ष-35 अंक-218 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### पूरक मतदाता सूची को लेकर ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूरक मतदाता सूची जारी नहीं करने को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए और पूछा कि आखिर क्या छिपाया जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने आयोग को चुनौती देते हुए कहा कि सूची तुरंत सार्वजनिक की जाए और पत्रकारों को भी उपलब्ध कराई जाए।

### 'फांसी घर' मामले में केजरीवाल और उनके साथियों के विरुद्ध चेतावनी प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सदन में आज नियम 77(1)(ए) के तहत एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। यह पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के लिए चेतावनी प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव सदन की अवमानना सिद्ध होने और विधानसभा परिसर के भीतर एक काल्पनिक 'फांसी घर' की卐मनगढ़ंत और आधारहीन कहानी卐 प्रचारित करने के खिलाफ लाया गया था।

### ट्राला में पीछे से घुसी पिकअप, आठ की मौत व 20 घायल

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले में शुक्रवार दोपहर बाद कानपुर-प्रयागराज हाइवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वाहन पीछे से ट्राले में घुस जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई है। इसके अलावा बीस लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और जिला प्रशासन अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है।

### पीएम मोदी 30 को नमो ऐप के जरिए असम के लोगों से करेंगे सीधा संवाद

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में जनसंपर्क को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 मार्च को नमो ऐप के माध्यम से असम के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। भाजपा के अनुसार, प्रधानमंत्री इस बीच विभिन्न जनसभाओं के जरिए जनता से जुड़ रहे हैं और अब यह डिजिटल संवाद अभियान उनके जनसंपर्क को और व्यापक बनाएगा।

### भारत-पाकिस्तान सीमा से पकड़ा गया संदिग्ध युवक, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**जोधपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट नाचना थाना क्षेत्र के भारेवाला इलाके से गुरुवार रात एक 29 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के इनपुट के आधार पर की गई।

जानकारी के अनुसार, युवक एक संदिग्ध टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा हुआ था, जिसमें कथित रूप से भड़काऊ और देश विरोधी संदेश साझा किए जा रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस को इस ग्रुप से जुड़े कुछ युवाओं के बारे में इनपुट मिले थे, जिनमें कश्मीर और राजस्थान के लोग शामिल बताए गए।

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का झारखंड दौरा कल, बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को झारखंड के दौरे पर जाएंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका राज्य का पहला आधिकारिक दौरा होगा, जिसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन खूंटी जिले के उलिहातु गांव पहुंचेंगे, जहां वे महान जननायक बिरसा मुंडा के जन्मस्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# रामनवमी पर अयोध्या में आस्था का सागर, 35 लाख श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## रामलला का दिव्य 'सूर्य तिलक', दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव; पूरे शहर में गूंजे 'जय श्रीराम' के जयकारे





**अयोध्या।** रामनवमी का पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व भक्ति, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। शुक्रवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर दोपहर ठीक 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का प्रतीकात्मक जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान सूर्य की स्वर्णिम किरणों ने श्रीरामलला के मस्तक का अभिषेक किया, जिसे 'सूर्य तिलक' के रूप में देखा गया। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत दिव्य और भावुक क्षण साबित हुआ।

राम जन्म के साथ ही पूरे मंदिर परिसर में भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला और जय श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। इसके बाद श्रीरामलला की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया और भव्य आरती उतारी गई। इस पावन अवसर पर अयोध्या नगरी में चारों ओर दीप, फूलों और रोशनी से सजी सजावट ने उत्सव को और भी भव्य बना दिया।

जिला प्रशासन के अनुसार 26 और 27 मार्च को करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। शुक्रवार दोपहर तक ही लगभग 3.5 लाख भक्त श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन कर चुके थे, जबकि देर रात तक यह संख्या 4 लाख के पार पहुंचने का अनुमान है। रामनवमी के मौके पर अयोध्या की सड़कों, घाटों और मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

इस वर्ष का सबसे विशेष आकर्षण रहा रामलला का 'सूर्य तिलक'। वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से सूर्य की किरणों को सटीक रूप से गर्भगृह तक पहुंचाया गया, जो करीब चार मिनट तक भगवान के मस्तक पर केंद्रित रहीं। यह आयोजन आस्था और आधुनिक विज्ञान के अद्भुत संगम का प्रतीक बना। इस दिव्य दृश्य का सीधा प्रसारण नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से देखा।

रामनवमी पर अयोध्या के हजारों मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया। दशरथ महल, कनक भवन और हनुमान गढ़ी जैसे प्रमुख स्थलों पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रीरामलला को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए और जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## बजट 2026-27 पर संसद की मुहर




**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को वित्त विधेयक 2026-27 को अपनी मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने ध्वनिमत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया, जिससे एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ इस विधेयक को पारित किया था। इसके साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही 30 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी

राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद वित्त विधेयक को लोकसभा को वापस भेज दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब दिए। इसके साथ ही संसद से केंद्रीय बजट 2026-27 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले सीतारमण ने राज्यसभा में विनियोग (2) विधेयक, 2026 और वित्त विधेयक, 2026 पर चर्चा का संयुक्त जवाब दिया। इसके बाद सदन ने केंद्रीय बजट 2026-27 को अपनी मंजूरी दे दी है।

राज्यसभा में दोनों विधेयक पर चर्चा का संयुक्त जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि एक वर्ष (2025) में राजस्व विभाग ने आयकर अधिनियम, 1961 में सुधार किए, और एक नई आयकर प्रणाली शुरू की है, जो अधिक सरल और जिसका पालन करना आसान है। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि सरकार सक्रिय है और बदलती स्थिति पर नजर रख रही है।

सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण कई देशों में स्थिति खराब है। भारत में हम इससे अच्छी तरह से निपट रहे हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि देश में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है, नेताओं को अफवाहें नहीं फैलाना चाहिए। हम सतर्क रहेंगे। राजकोष का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करेंगे।

# मप्र के मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले, आर्थिक मदद का ऐलान

### बोले- दिवंगत के परिजन को 4-4 लाख और सभी घायलों को दी जाएगी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को दोपहर बाद छिंदवाड़ा पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ादायक है। मध्य प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इन परिवारों को संबल योजना की चार लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जायेगी। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सभी घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जायेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 ग्रामों में पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम करेर तहसील मोहखेड़ की सिया पत्नी कृष्णा इनवाती, रामदास पुत्र सुकलू पराने, दौलत पवार, भागवती पत्नी दान सिंह और शकुन पत्नी लखीचन्द्र यादव के निवास जाकर मुलाकात की। ग्राम करेर में प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम ग्वारा और ग्राम झिरिया पहुंचे। उन्होंने यहां प्रभावित परिवारों के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवार के सदस्यों से चर्चा कर कहा कि दुख की इस घड़ी में मध्य प्रदेश सरकार आपके साथ है। आपको हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री से की भेंट, रेपिड रेल को हरिद्वार-ऋषिकेष तक विस्तार करने का किया आग्रह




**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की।मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें उत्तराखंड आगमन का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री धामी ने रेपिड रेल को मेरठ से हरिद्वार व ऋषिकेष तक विस्तार करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री धामी ने भेंट के दौरान प्रधानमंत्री को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को टिहरी स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की प्रतिकृति, बद्री गाय का घी, विभिन्न जिलों के पांच प्रकार के राजमा और शहद भेंट किए।

### पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाना जनहित में लिया गया निर्णय: शेखावत

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जनहित में लिया निर्णय बताया।

संसद भवन के बाहर शुक्रवार को शेखावत ने मीडिया से कहा कि जब लोगों के कल्याण की बात आती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सुनिश्चित करते हैं कि समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। नागरिकों को सुरक्षित रखने में कोई कसर न छोड़ी जाए। ऐसे समय में जब वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। कई देश इसका बोझ अपनी जनता पर डाल रहे हैं। भारत ने एक संतुलित और जिम्मेदार रास्ता अपनाया है।

## एलपीजी के चार जहाज भारत आए, शेष 20 जहाजों को लाने का प्रयास: विदेश मंत्रालय

### खाड़ी देशों से लोगों को स्वदेश लाने का कोई प्रस्ताव नहीं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू गैस एलपीजी से भरे चार जहाज होर्मुज जलसंधि के जरिए सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। शेष बचे 20 जहाजों को लाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस सिलसिले में सभी संबंधित देशों के साथ बातचीत चल रही है ताकि इन जहाजों को सुरक्षित रूप से लाया जा सके।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक नजरिया अपनाया जा रहा है। देश के 140 करोड़ लोगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रयास जारी हैं। हम बाजार के हालात और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर निगरानी बनाए हुए हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के हालात के मद्देनजर उस क्षेत्र के देशों से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन देशों में हवाई उड़ानें बाधित नहीं हैं। वहां स्थित भारतीय दूतावास हवाई उड़ानों के बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलसंधि एक अंतरराष्ट्रीय नौवहन क्षेत्र है। भारत निर्बाद नौवहन का समर्थक है।

### जोजिला दर्रे में हिमस्खलन से यात्री वाहन दबा, 7 लोगों की मौत, 5 घायल

**श्रीनगर।** लद्दाख क्षेत्र के जोजिला दर्रे पर शुक्रवार को हुए भीषण हिमस्खलन में बड़ा हादसा हो गया। एक यात्री वाहन हिमस्खलन की चपेट में आकर बर्फ में दब गया, जिससे कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वाहन अचानक आए भारी हिमस्खलन के कारण पूरी तरह बर्फ के नीचे दब गया। घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। मलबे से शवों को निकालने और घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य जारी रहा। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया गया है। लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें जोजिला में हुए हिमस्खलन की जानकारी मिलते ही उन्होंने कारगिल के उपायुक्त (डीसी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

## शुष्क क्षेत्र अब कृषि उत्पादन के नए केंद्र बन रहे हैं: शिवराज सिंह चौहान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए शुष्क खेती, जलवायु अनुकूल किस्मों से लेकर सिंचित क्षेत्रों तक किसानों की आय को बढ़ाने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। शुष्क क्षेत्र अब कृषि उत्पादन के नए केंद्र बन रहे हैं। जलवायु अनुकूल फसल किसानों की आय बढ़ा रही है।

राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल में शिवराज सिंह चौहान शुष्क खेती, जलवायु-अनुकूल किस्मों, श्री अन्न (मिलेट्स), पंजाब-महाराष्ट्र जैसे कृषि-प्रधान राज्यों की चुनौतियों और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर पूछे गए प्रश्नों और पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

महाराष्ट्र के शुष्क जिलों को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कभी भारत को खाद्यान्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर रहना होता था।

### बेंगलुरु में आईपीएल मैचों को लेकर हाई अलर्ट, मुख्य सचिव ने की सुरक्षा व सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा



**बेंगलुरु।** स्थानीय एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल मैचों के मद्देनज़र राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने आज संबंधित अधिकारियों और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में स्टेडियम के भीतर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में किए गए बदलाव, पार्किंग प्रबंधन तथा दर्शकों के लिए पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, नम्मा मेट्रो पर बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़, मेट्रो की समय-सारिणी और स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी चर्चा की। मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरतना अनिवार्य है।

## झारखंड के गढ़वा में महाष्टमी के जुलूस पर पथराव, 19 गिरफ्तार, थाना प्रभारी लाइन हाजिर



**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के रमकांडा थाना क्षेत्र में महाष्टमी को गुरुवार देरात निकाले गए जुलूस पर हुए पथराव के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और अनेक नागरिक घायल हुए हैं। पुलिस ने 12 से अधिक मोटरसाइकिल जब्त की है। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

पलामू डीआईजी कौशल किशोर और गढ़वा एसपी अमन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

एक समुदाय का आरोप है कि जुलूस को विशेष समुदाय के लोगों ने कौआखोह शिव चबूतरा के पास आगे जाने से रोक दिया। डीआईजी ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर पुलिस सुरक्षा में झांकी निकाली गई। इस दौरान जुलूस पर पथराव किया गया। पुलिस ने भी? को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल का प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छो?। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गढ़वा एसपी अमन कुमार ने बताया कि जुलूस को लेकर दो समुदाय में विवाद हुआ था। जुलूस को लेकर बुधवार को भी थोड़ा विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों समुदायों में जुलूस निकालने पर सहमति बनी। मगर कुछ लोगों के अचानक जुलूस को रोकने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटनास्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## देश में लॉकडाउन की संभावना पूरी तरह गलत: केंद्र सरकार




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देश में लॉकडाउन लगाए जाने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है और इस पर कोई विचार भी नहीं किया जा रहा है। सरकार ने इसे अफवाह करार देते हुए लोगों से भ्रमित न होने की अपील की है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि लॉकडाउन लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और पेट्रोल, डीज़ल तथा एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें किसी वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों की वजह से देखी गईं।

## चंडीगढ़ एयर शो में वायुसेना के विमानों के करतबों ने किया रोमांचित

**चंडीगढ.।** केंद्रशासित चंडीगढ़ में सुखना लेक पर आज से दो दिवसीय एयर शो शुरू हो गया है। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण टीम के आसमान में करबत देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने आसमान में तिरंगा बनाने के साथ ही डायमंड भी बनाया। इस वायुसेना की टीम में दो पायलट चंडीगढ़ के विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह और दिवाकर शर्मा भी शामिल थे।



नगर की सुखना लेक पर सुबह से ही एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इस शो के लिए प्री बुकिंग की व्यवस्था की गई थी। इसलिए सुखना लेक को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था।

## ब्रीफ न्यूज

### गुरंदी बाजार में अगरबत्ती दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बेलबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरंदी बाजार में गुरुवार देर रात एक अगरबत्ती की दुकान में भीषण आग लग गई। हादसे में दुकान के भीतर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

सूचना मिलते ही बेलबाग थाना पुलिस और नगर निगम के अग्निशमन दल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए दुकानदार ने बड़ी मात्रा में अगरबत्ती, धूपबत्ती और पूजन सामग्री का स्टॉक जमा किया था। ज्वलनशील सामग्री अधिक होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे नुकसान और बढ़ गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के तुरंत बाद बिजली विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन टीम के देर से पहुंचने के कारण बचाव कार्य प्रभावित हुआ।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय पर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। दमकल की गाड़ियों को भी मौके पर पहुंचने के बाद कुछ समय तक बिजली बंद होने का इंतजार करना पड़ा। फिलहाल बेलबाग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लोकायुक्त पुलिस ने एएसआई को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में शुक्रवार को इंदौर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने कसरावद थाने में पदस्थ एक कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। बिष्टान निवासी फरियादी श्यामलाल उपाध्याय की शिकायत पर यह कार्वाई की गई है।

लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख ने बताया कि खरगोन जिले के ग्राम चंदावड निवासी 69 वर्षीय किसान श्यामलाल उपाध्याय ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि कसरावद निवासी राजेश बागदरे ने उनके खिलाफ कसरावद थाने में जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की थी। आरोप है कि इस शिकायत का निराकरण करने और मामले में राहत देने के नाम पर कसरावद थाने में पदस्थ कार्यवाहक एएसआई रवीन्द्र कुमार गुरू ने उनसे 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

फरियादी श्यामलाल की शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद शुक्रवार को लोकायुक्त की विशेष टीम का गठन किया गया। सारा मामला समझने के बाद योजना के अनुसार आवेदक को आरोपी से मिलने के लिए भेजा गया। जब आरोपी एएसआई रवीन्द्र कुमार गुरू कसरावद बस स्टैंड पर आवेदक से 7 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था, उसी दौरान लोकायुक्त टीम ने अचानक से पहुंचकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि भी बरामद की गई। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपित एएसआई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की कार्वाई की जा रही है।

### उज्जैन में हत्या के प्रयास के आरोपियों का जुलूस, पुलिस ने 6 बदमाशों को दबोचा

**उज्जैन।** कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष सारवान सहित कुल 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का क्षेत्र में जुलूस निकालकर सख्त संदेश देने का प्रयास किया, जिससे आम जनता में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हो सके। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हाल ही में नानाखेड़ा क्षेत्र में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। लगातार दबिश और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को थाने से लेकर घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में पैदल घुमाया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# उज्जैन में मासूम की मौत: पिकनिक के दौरान तालाब में डूबने से ढाई साल की बच्ची की दर्दनाक मौत


### कुछ सेकंड में नजरों से ओझल हुई रवनीत, रातभर चला सर्च ऑपरेशन; सुबह गोताखोरों ने विष्णु सागर तालाब से निकाला शव

**उज्जैन।** शुक्रवार को एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे शहर को शोक में डुबो दिया। विष्णु सागर तालाब से ढाई साल की मासूम बच्ची का शव बरामद किया गया। बच्ची अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने गई थी, लेकिन खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई और बाद में तालाब में डूबने की आशंका के बीच उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरा की राजीव रत्न कॉलोनी निवासी रवनीत कौर आनंद गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपने परिवार के साथ विष्णु सागर तालाब क्षेत्र में गई थी। परिवार के लोग वहां पिकनिक मना रहे थे और बच्ची पास में खेल रही थी। परिजनों ने बताया कि खेलते समय बच्ची के पैर में कांटा चुभ गया था, जिस पर उसकी मां चप्पल लेने के लिए कुछ ही क्षण के लिए दूर गईं। इसी दौरान बच्ची अचानक नजरों से गायब हो गई।

जब मां वापस लौटी तो बच्ची वहां नहीं थी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। धीरे-धीरे चिंता बढ़ती गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। जीवाजीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया गया।

पुलिस, स्थानीय लोगों और परिजनों ने मिलकर बच्ची की तलाश देर रात तक जारी रखी। बताया गया कि रात करीब 3 बजे तक तालाब और आसपास के क्षेत्र में खोजबीन चलती रही, लेकिन



बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। अंधेरा और पानी की गहराई के कारण तलाश में कठिनाई आ रही थी।

शुक्रवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस बार गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। गोताखोर मोहम्मद उर्फ जुम्मा और उनकी टीम ने तालाब में उतरकर खोज शुरू की। कुछ ही मिनटों में उन्होंने बच्ची का शव तालाब से बाहर निकाल लिया। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

प्रारंभिक जांच में यह माना जा रहा है कि बच्ची खेलते-खेलते तालाब के किनारे पहुंच गई और संतुलन बिगड़ने के कारण पानी में गिर गई। घटना से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मासूम पार्क में खेलती हुई दिखाई दे रही है। यह वीडियो हादसे की भयावहता को और भी बढ़ा देता है।

मासूम के पिता हरप्रीत सिंह आनंद महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूलों की दुकान संचालित करते हैं। इस हादसे के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इस दुखद घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था और छोटे बच्चों की निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तालाबों के आसपास सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने और बैरिकेडिंग करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ, लोगों को मिलेगी गर्मी से राहत

**शाजापुर।** रामनवमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को स्थानीय सोमवारिया बाजार में पुरानी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाहर सोमवारिया बाजार व्यापारी संघ द्वारा भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए शीतल पेयजल प्याऊ का पुन: निर्माण कर शुभारंभ किया गया। बाजार में खरीदारी के लिए लोग यहां आते हैं। शीतल जल मिलने के कारण उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। शुक्रवार को शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अरूण भीमावद, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की प्रबंधक श्रीमती लता दीदी द्वारा किया गया। विगत सोलह वर्षों से व्यापारी संघ द्वारा पेयजल की सेवा दी जा रही है। इस अवसर पर दिग्दर्शन सोनी, अनिल पंवार, तुलसीराम भावसार, शिवाजी सोनी, संजय दुबे, सतीश वैद्य, अनिल श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकगण एवं मातृशक्ति मौजूद थी।

# उज्जैन में बारातियों से भरी बस पलटी, 18 घायल - 2 की हालत गंभीर

### इंगोरिया के जहांगीरपुर के पास सड़क निर्माण के बीच ओवरटेक में बिगड़ा संतुलन; 13 महिलाएं और 4 बच्चे भी घायल, 8 को उज्जैन रेफर



**उज्जैन।** जिले के इंगोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीरपुर गांव के पास शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कुल 18 लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस इंदौर से खाचरौद की ओर जा रही थी और उसमें बड़ी संख्या में बाराती सवार थे। रास्ते में जहांगीरपुर गांव के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे मार्ग संकरा और जोखिम भरा हो गया था। इसी दौरान बस चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से बस पलट गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला तत्काल मौके पर पहुंच गया। सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया ले जाया गया, जहां पहले से ही चिकित्सा व्यवस्था सक्रिय कर दी गई थी। मौके पर ष्टरू।ह्ण, स्ठरू स्ठ्हक्क क्रस्न्ह, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे। इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास अपनी टीम के साथ राहत कार्य में जुटे रहे।

चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों को समय रहते प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इनमें से 2 घायलों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें हेड इंजरी बताया जा रहा है। अन्य घायलों का इलाज खाचरौद के अस्पताल में जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

नायब तहसीलदार प्रियंका जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 18 घायलों में 13 महिलाएं, 4 बच्चे और 1 पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई थी। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में स्थानीय ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राहत कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग किया।

यह हादसा एक बार फिर सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा इंतजामों और ट्रैफिक प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थलों पर उचित संकेतक, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है।

# रामनवमी पर महाकाल बने राम, भस्म आरती में दिव्य श्रृंगार से गूंजा उज्जैन

### वैष्णव तिलक और रजत मुकुट से सजे बाबा महाकाल; पंचामृत अभिषेक और भस्म अर्पण के बीच उमड़ा आस्था का सैलाब




**उज्जैन।** स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार तड़के आयोजित भस्म आरती के दौरान अद्भुत आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर भगवान महाकाल का अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें श्रीराम के स्वरूप में सजाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिभाव का वातावरण छा गया और हजारों श्रद्धालु इस दिव्य दर्शन के साक्षी बने।

भोर में मंदिर के पट खुलने से पहले सभा मंडप में वीरभद्र जी के समीप स्वस्ति वाचन किया गया। इसके बाद परंपरा अनुसार घंटी बजाकर चांदी का द्वार खोला गया और गर्भगृह के पट खोलकर पूजा-अर्चना की विधि प्रारंभ हुई। पुजारियों ने सबसे पहले भगवान का श्रृंगार उतारकर जलाभिषेक किया, जिससे पूरे मंदिर में मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई देने लगी।

इसके बाद भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। पूजन के दौरान कर्पूर आरती की गई, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया। नंदी हाल में नंदी जी का विधिवत स्नान, ध्यान और पूजन भी संपन्न कराया गया।

रामनवमी के अवसर पर भगवान महाकाल को विशेष रूप से राम स्वरूप में सजाया गया। उनके मस्तक पर वैष्णव तिलक लगाया गया और रजत मुकुट धारण कराया गया। साथ ही रजत चंद्र, त्रिशूल मुकुट, मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ विभिन्न प्रकार की पुष्प मालाएं अर्पित की गईं। भगवान को भांग, चंदन और ड्रायफ्रूट का भोग भी लगाया गया, जिससे उनका श्रृंगार और अधिक आकर्षक बन गया।

भस्म आरती के दौरान महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान को भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। इस क्षण को देखने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली।

रामनवमी के इस विशेष अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने 'जय श्री राम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ भगवान महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस दिव्य आयोजन ने एक बार फिर उज्जैन की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को जीवंत कर दिया, जहां आस्था, परंपरा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# ग्वालियर में सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत, चार घायल



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आज तड़के थाटीपुर क्षेत्र स्थित परशुराम चौराहे पर जैन मंदिर के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ऑटो रिक्शा से टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों में एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनका ग्वालियर के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यह हादसा तड़के करीब तीन बजे हुआ। ऑटो सवार लोग शीतला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। ऑटो में कुल नौ लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीम के पेड़ से जा टकराया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

### स्कॉर्पियो का पुलिस कर रही थी पीछा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक ने पहले बस स्टैंड के पास एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी। इसके बाद पुलिस उसका पीछा कर रही थी। बचने के प्रयास में चालक तेज रफ्तार से वाहन भगाता हुआ आया और रास्ते में ऑटो को टक्कर मार दी। घायलों के मुताबिक, स्कॉर्पियो चालक नशे में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था। स्कॉर्पियो में वो अकेला था। पुलिस ने आरोपित चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतकों के नाम इंद्रजीत उर्फ पप्पू शाक्य (55), लीला (52), पत्नी इंद्रजीत, शुभम उर्फ लाली (30), शगुन, पत्नी शुभम, प्रीति कश्यप (60), निवासी मेरठ (शुभम की सास), घायलों के नाम, प्रीति (20), प्रियांश (5), पुत्र शुभम, आरव (6), पुत्र शुभम, एक अन्य अज्ञात व्यक्ति।

# डंपर से टकराया माल वाहक वाहन, 12 घायल





**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की फुनगा चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में ट्रक के पीछे मालवाहक वाहन की घुसने से 12 लोग घायल, 2 गंभीर, सीएचसी फुनगा में भर्ती, डंपर के अचानक रुकने से पीछे चल रहा मालवाहक टकराया, पीछे एक अन्य ने मारी टक्कर, बरहों में शामिल होने आ रहे थे

अनूपपुर जिले के फुनगा चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर गुरुवार की रात करीब 10.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे ट्रक(डंपर) के पीछे मालवाहक वाहन जा घुसा, जिस पर सवार 12 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर चीख पुकार और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फुनगा चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस टीम ने अपनी वाहन से सबसे पहले घायलों को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा पहुंचाया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है।

चौकी प्रभारी सोनी सिंह परस्ते ने बताया कि फुनगा के पास नेशनल हाईवे 43 पर तेज रफ्तार में डंपर वाहन जा रहा था जिसके पीछे दो मालवाहक गाड़ियां भी जा रही थी। तभी किसी कारणवश आगे चल रहे डंपर वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिसके कारण पीछे चल रहा माल वाहक वहां डंपर के पीछे जा टकराया। इसी दौरान उसके पीछे चल रहा अन्य दूसरा मालवाहक ने आगे टकराई मालवाहक वाहन को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण यह घटना ज्यादा भयावा बन गई। घायलों में सभी निवासी निगवानी के हैं जो निगरानी से अनूपपुर के करहीबाह गांव बरहो कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घायलों में रामनंद कोल (40 वर्ष), शिवाजी कोल (17 वर्ष), बबली कोल (37 वर्ष), नारायणी कोल (50 वर्ष), देवकुमारी कोल (19 वर्ष), प्रमिला अगरिया (13 वर्ष), रामदीन कोल (50 वर्ष), सुनील कोल (17 वर्ष), कस्तूरी कोल (40 वर्ष), गोधनी (30 वर्ष), सुशीला कोल (32 वर्ष), ऋतुवती अगरिया (30 वर्ष), राधा कोल (70 वर्ष) शामिल हैं। घटना में चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते, सहायक उप निरीक्षक कोमल अर्जरिया, प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह, ट्रैफिक मित्र महेंद्र पनिका सहित अन्य पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से एनएच-43 पर वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो सके।

# मध्य प्रदेश में पेट्रोल संकट के आसार, उधारी बंद होते ही पंपों पर मची अफरा-तफरी

### भोपाल समेत कई शहरों में 10 से ज्यादा पेट्रोल पंप ड्राई; लंबी कतारें, अफवाहों से बढ़ी खपत, संचालकों पर आर्थिक दबाव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर अचानक हालात चिंताजनक बनते नजर आ रहे हैं। पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को दी जाने वाली उधारी (क्रेडिट) सुविधा बंद किए जाने के बाद राज्य के कई हिस्सों में ईंधन सप्लाई प्रभावित हुई है। राजधानी भोपाल में ही 10 से अधिक पेट्रोल पंपों के ड्राई होने की खबर सामने आई है, जिससे आम उपभोक्ताओं में भी चिंता और असमंजस का माहौल बन गया है।

बताया जा रहा है कि पहले पेट्रोल पंप संचालकों को 8 से 10 दिनों की उधारी पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जाता था। इस व्यवस्था के तहत संचालक बाद में भुगतान करते थे, जिससे उनकी नकदी व्यवस्था संतुलित रहती थी। लेकिन अब अचानक इस क्रेडिट सुविधा को बंद कर दिया गया है और कंपनियों ने अग्रिम भुगतान के आधार पर ही ईंधन देने की नीति लागू कर दी है। इससे पंप संचालकों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है।

इस बदलाव का सीधा असर सप्लाई चेन पर पड़ा है। कई संचालक समय पर अग्रिम भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें सरकारी विभागों और अन्य ग्राहकों से भुगतान अक्सर देरी से मिलता है। ऐसी स्थिति में कुछ पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है, जबकि कई स्थानों पर ईंधन सीमित मात्रा में ही उपलब्ध हो पा रहा है।

इसी बीच पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संभावित वैश्विक असर



की खबरों के चलते पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहें भी तेजी से फैल रही हैं। इन अफवाहों के कारण लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं और टंकियां फुल करा रहे हैं। कई जगह लोग ड्रम और गैलन लेकर भी ईंधन भरवाने पहुंच रहे हैं, जिससे अचानक खपत बढ़ गई है और स्थिति और अधिक बिगड़ती जा रही है।

भोपाल सहित अन्य शहरों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में तो पंपों पर 'ईंधन समाप्त' के बोर्ड तक लग गए हैं। इससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पंप संचालकों में भी असंतोष बढ़ रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने प्रशासन के सामने अपनी चिंता जताई है। उनका कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के क्रेडिट सुविधा बंद करना उचित नहीं है और इससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग की है कि भुगतान चक्र को व्यवस्थित किया जाए और क्रेडिट सुविधा को फिर से शुरू किया जाए।

प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य और केंद्र स्तर पर चर्चा शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पेट्रोलियम कंपनियों से बातचीत कर जल्द समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है, ताकि ईंधन आपूर्ति सामान्य हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।

यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ऐसे में प्रशासन, कंपनियों और संचालकों के बीच समन्वय बनाकर जल्द से जल्द समाधान निकालना बेहद जरूरी हो गया है।

## भोपाल में ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग, मौके पर मौत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के ऐशबाग इलाके में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां रेलवे ट्रैक पार करते समय एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय इशरत अली ओल्ड सुभाष नगर के निवासी थे। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे वे बाग फरहत अफजा इलाके में रहने वाले अपने भाई से मिलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान ऐशबाग थाना क्षेत्र के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक एक ट्रेन आ गई और वे उसकी चपेट में आ गए।

हादसा इतना भीषण था कि इशरत अली की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि इशरत अली पहले टेलरिंग का काम करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वे घर पर ही रह रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल में पति-पत्नी की ताबड़तोड़ फायरिंग, पुरानी रंजिश में दहशत फैलाकर फरार

**जानलेवा हमले का बदला लेने पहुंचे आरोपी; घर पर गोलियां चलाईं, जान से मारने की धमकी देकर मौके से भागे**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक पति-पत्नी ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर पर फायरिंग कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आरोपियों ने न सिर्फ गोलियां चलाईं, बल्कि घर में मौजूद लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वारदात सुबह के समय हुई जब आरोपी दंपति अचानक पीड़ित के घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से ही विवाद और रंजिश चली आ रही थी। इसी पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने बदला लेने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी, जिससे घर में मौजूद लोग घबरा गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। कुछ ही मिनटों में इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन घटना ने क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए। प्राथमिक जांच में पुरानी रंजिश को ही फायरिंग की वजह माना जा रहा है।

### भोपाल में मेल नर्स ने एनेस्थीसिया का ओवरडोज लेकर की आत्महत्या

**भानपुर इलाके में युवक मृत मिला; सुसाइड नोट नहीं मिला, पुलिस प्रेम प्रसंग व तनाव के एंगल पर जांच में जुटी**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के भानपुर इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक 26 वर्षीय मेल नर्स ने एनेस्थीसिया का ओवरडोज लेकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह उसका भाई उसे उठाने गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

मृतक की पहचान दुर्गेश अहिरवार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से विदिशा जिले के कुरवाई का रहने वाला था। वह पिछले छह वर्षों से भोपाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था और एक प्राइवेट कॉलेज से बी. फार्मेसी अंतिम वर्ष का छात्र था। इसके साथ ही वह एक निजी नर्सिंग होम में नौकरी भी करता था।

घटना शुक्रवार सुबह की है, जब मृतक का बड़ा भाई परीक्षा देने के लिए घर से निकल रहा था। उसने दुर्गेश को जगाने की कोशिश की, लेकिन कई बार आवाज देने के बावजूद उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। घबराकर भाई उसे तुरंत पास के अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मौके से एक इंजेक्शन और सिरिंज बरामद की गई है, जिसे जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्गेश ने एनेस्थीसिया का ओवरडोज लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

### भोपाल की ईदगाह मस्जिद में मोबाइल टावर को लेकर विवाद, AIMIM कार्यकर्ताओं का विरोध

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की ऐतिहासिक ईदगाह मस्जिद की पार्किंग में मोबाइल टावर निर्माण को लेकर शुक्रवार को विवाद की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए काम कर रही लेबर को रोक दिया, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जानकारी के अनुसार, मस्जिद परिसर की पार्किंग में मोबाइल टावर लगाने का काम जारी था। बताया जा रहा है कि इस निर्माण कार्य के लिए सभी आवश्यक अनुमति ली गई थी और मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने भी इसकी मंजूरी दी है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया और कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया।

## भोपाल में प्रॉपर्टी खरीद की होड़, 8 दिन में 119 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व

### कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ने से पहले रजिस्ट्री के लिए उमड़ी भीड़; नवरात्र के शुभ मुहूर्त ने बढ़ाई रफ्तार, छुट्टियों में भी खुले दफ्तर



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में इन दिनों प्रॉपर्टी बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। कलेक्टर गाइडलाइन में संभावित वृद्धि की आहट और नवरात्र के शुभ मुहूर्त के चलते रजिस्ट्री कार्यालयों में भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग तेजी से जमीन, प्लॉट, फ्लैट और अन्य संपत्तियों के सौदे फाइनल कर रहे हैं, ताकि बढ़ी हुई दरों से पहले ही रजिस्ट्री करा सकें।

जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित नई गाइडलाइन में जिले के कई इलाकों में प्रॉपर्टी दरों में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। औसतन 10 से 12 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान है, जबकि कुछ प्रमुख लोकेशन पर यह बढ़ोतरी 30 प्रतिशत से लेकर 150 प्रतिशत तक हो सकती है। इसी वजह से खरीदारों में जल्दबाजी देखी जा रही है और वे मौजूदा दरों पर ही संपत्ति खरीदने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच चैत्र नवरात्र का पर्व भी प्रॉपर्टी बाजार के लिए बड़ा कारक बनकर उभरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्र में संपत्ति खरीदना शुभ माना जाता है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग इन दिनों रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक रजिस्ट्री कार्यालयों के बाहर लंबी कतारें लगी रहती हैं। कई जगह टोकन सिस्टम भी फुल हो गया है।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। रजिस्ट्री कार्यालयों को अवकाश के दिनों में भी खोला गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रियां हो सकें। शनिवार और रविवार को भी कर्मचारियों ने अतिरिक्त समय तक काम किया। हालांकि बढ़ते काम के दबाव के कारण सर्वर पर भी लोड बढ़ गया, जिससे कुछ समय के लिए तकनीकी समस्याएं भी सामने आईं।

इस दौरान हर तरह की प्रॉपर्टी की डिमांड में तेजी देखी जा रही है। शहर के विस्तार वाले इलाकों में प्लॉट और फार्म हाउस की मांग अधिक है, जबकि शहरी क्षेत्रों में फ्लैट और डुप्लेक्स की खरीदारी भी बढ़ी है। निवेशकों के साथ-साथ आम खरीदार भी इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

रजिस्ट्री की इस तेज रफ्तार का सीधा असर सरकारी राजस्व पर भी पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार नवरात्र के शुरुआती 8 दिनों में ही कुल 4979 रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं, जिससे सरकार को करीब 119.2 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। औसतन प्रतिदिन लगभग 14.9 करोड़ रुपए की आय हुई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड मानी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में गाइडलाइन लागू होते ही प्रॉपर्टी की कीमतों में और तेजी आ सकती है। ऐसे में फिलहाल बाजार में जो गतिविधियां दिख रही हैं, वे निवेशकों के भरोसे और भविष्य में बढ़ते दामों की उम्मीद को दर्शाती हैं।

## वर्ल्ड थिएटर डे पर भोपाल में राकेश बेदी का संदेश: लगातार काम ही दिलाएगा पहचान

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी और अभिनेता राकेश बेदी ने थिएटर की दुनिया से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यदि किसी को थिएटर में नाम कमाना है, तो उसे लगातार काम करते रहना होगा और धैर्य बनाए रखना होगा। वे शहर में अपने चर्चित नाटक 'मसाज' के मंचन के लिए पहुंचे हैं।

राकेश बेदी ने बातचीत के दौरान कहा कि थिएटर एक ऐसा माध्यम है, जहां कलाकार को खुद को साबित करने के लिए निरंतर मेहनत करनी पड़ती है। यहां कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे थिएटर को केवल एक मंच नहीं, बल्कि सीखने की एक प्रक्रिया के रूप में देखें। उन्होंने कहा कि थिएटर से ही अभिनय की असली नींव तैयार होती है, जो आगे फिल्मों और टीवी में भी काम आती है।

उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि थिएटर ने उन्हें अनुशासन, संवाद अदायगी और दर्शकों से जुड़ने की कला सिखाई। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहां डिजिटल माध्यम तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं थिएटर की अपनी अलग पहचान और महत्व है। लाइव परफॉर्मेंस की ऊर्जा और दर्शकों के साथ सीधा संवाद किसी भी अन्य माध्यम में संभव नहीं है।

## भोपाल में बड़ा हादसा: एम्स के सामने निर्माणाधीन इमारत का छज्जा गिरा, 8 घायल

### मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंचे लोगों पर गिरा मलबा; बच्ची समेत कई गंभीर, 3 वाहन दबे- निर्माण सुरक्षा पर उठे सवाल




**भोपाल।** राजधानी भोपाल में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा सामने आया, जिसने निर्माण कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एम्स भोपाल के सामने स्थित एक निर्माणाधीन निजी इमारत का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में करीब 8 लोग घायल हो गए, जिनमें एक बच्ची समेत कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तुरंत एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब एम्स में इलाज के लिए आए मरीज और उनके परिजन पास स्थित मेडिकल स्टोर पर दवाइयां लेने पहुंचे थे। अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज के साथ इमारत का बाहर निकला हुआ छज्जा नीचे गिर गया। मलबा सीधे वहां खड़े लोगों और वाहनों पर आ गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और कई लोग मलबे में दब गए।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र को घेरकर बचाव कार्य शुरू किया गया और मलबा हटाने के लिए मशीनों की मदद ली गई। आसपास की दुकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया।

घायलों में एक बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि एक युवती को पीठ में गंभीर चोट आई है। एक अन्य व्यक्ति सरिए की चपेट में आने से घायल हुआ है। बाकी लोगों को भी चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है। डॉक्टरों की टीम लगातार घायलों की निगरानी कर रही है।

हादसे में पास खड़े तीन वाहन भी मलबे की चपेट में आ गए, जिनमें दो दोपहिया और एक चारपहिया वाहन शामिल हैं। वाहनों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि यह इमारत करीब 35 साल पुरानी है और इसके नीचे मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा था। ऊपर अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण कार्य जारी था, जिसके दौरान यह हादसा हुआ।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिस छज्जे का हिस्सा गिरा, वह काफी आगे तक निकला हुआ था। उसके नीचे बना शेड भी मलबे के साथ ढह गया, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना के बाद प्रशासन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच के निर्देश दिए हैं।

यह हादसा शहर में तेजी से हो रहे निर्माण कार्यों के बीच सुरक्षा उपायों की अनदेखी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी रखी जाए और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## मध्य प्रदेश में वन्यजीवों की खरीद-फरोख्त पर सख्ती, 7 साल तक जेल का प्रावधान

### 313 कछुओं की जब्ती के बाद वन विभाग अलर्ट; शिकार, खरीद-बिक्री, पालन और परिवहन सभी अपराध घोषित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित वन्यजीवों की अवैध खरीद-फरोख्त और पालन को लेकर वन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत किसी भी प्रतिबंधित जीव का शिकार करना, खरीदना, बेचना, पालना या परिवहन करना गंभीर अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 7 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

वन विभाग की यह सख्ती हाल ही में सामने आए एक बड़े मामले के बाद बढ़ाई गई है। फरवरी 2026 में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 313 जीवित कछुए जब्त किए गए थे। ये सभी कछुए अनुसूची-1 श्रेणी में आते हैं, जिनका व्यापार पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और एक संगठित तस्करी गिरोह का भी खुलासा हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में कई जगहों पर पेट शॉप और एक्वेरियम दुकानों में कछुए, दुर्लभ पक्षी और अन्य वन्यजीवों की अवैध बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना वैध अनुमति किसी भी प्रतिबंधित प्रजाति का व्यापार न करें। साथ ही उनके पास मौजूद जीवों से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज रखना अनिवार्य किया गया है।

वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर वन्यजीवों की खरीद-बिक्री या प्रचार करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और साइबर टीमों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी प्रतिबंधित वन्यजीव को न खरीदें और न ही घर में पालें। यदि कहीं इस तरह की गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचित करें। इसके लिए विभाग ने टोल-फ्री नंबर 0755-2524000 जारी किया है, जिस पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णामूर्ति ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों, व्यापारियों और मीडिया से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और वन्यजीवों की रक्षा में अपनी भूमिका निभाएं।

वन विभाग की इस सख्ती को प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे अवैध तस्करी और शिकार पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

## मध्य प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम, अगले 24 घंटों में 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, 3 दिन तक रहेगा असर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती सिस्टम के सक्रिय होने से आज शुक्रवार से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। अगले 24 घंटों में ग्वालियर समेत 7 जिलों में तेज हवाओं और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, यह स्थिति 30 मार्च तक बनी रह सकती है। प्रदेश के ऊपरी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जबकि पश्चिमी क्षेत्र में दो चक्रवाती परिसंचरण सिस्टम बने हुए हैं। इनके प्रभाव से ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की भी संभावना जताई गई है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत करीब 28 जिलों में भी 30 मार्च तक बारिश होने के आसार हैं। 28 मार्च को कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि 30 मार्च को मौसम का असर सबसे ज्यादा देखने को मिलेगा।

बारिश से पहले प्रदेश में गर्मी ने भी तेवर दिखाए। गुरुवार को नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक रहा। इसके अलावा रतलाम में 39.6 डिग्री, गुना में 38.6 डिग्री, धार, रायसेन और मंडला में 38.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। कई अन्य जिलों में भी तापमान 37 डिग्री से ऊपर रहा। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 37.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। भोपाल में 37.4 डिग्री, इंदौर में 37.2 डिग्री, ग्वालियर में 38.6 डिग्री और जबलपुर में 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

बता दें कि मार्च में इससे पहले भी दो बार आंधी-बारिश का दौर आ चुका है, जिसमें 45 से ज्यादा जिलों में प्रभाव देखा गया था और 17 जिलों में ओलावृष्टि हुई थी। अब तीसरा दौर 27 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च तक जारी रहने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने आगे के महीनों को लेकर भी चेतावनी दी है। अप्रैल और मई में प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। कई संभागों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है, जिससे गर्मी का असर और बढ़ेगा।

## संपादकीय

# संकट का समय, सरकार सच बताए समस्या का समाधान निकाले

भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां सरकार के बड़े-बड़े दावे और ज़मीनी हकीकत के बीच का अंतर अब आम जनता को भी दिखाई देने लगा है। भारत 145 करोड़ की आबादी वाला देश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'विश्व गुरु' होने की बात करते हैं। सवाल यह है, भारत सरकार की नीतियां और दावे विश्व गुरु के अनुरूप हैं? हाल मे अमेरिका इजरायल ने ईरान के ऊपर हमला किया है। उसके बाद वैश्विक हालात खासकर पश्चिम एशिया के देशों में बढ़ते तनाव ने भारत की कमजोरियों को सारी दुनिया के देशों और भारतीय जनता के बीच में उजागर कर दिया है। भारत की सबसे बड़ी चुनौती आयात पर निर्भरता है। कच्चा तेल, गैस, उर्वरक, यूरिया और डीएपी का बड़ा हिस्सा हमें विदेशों से आयात करना पड़ता है। जैसे-जैसे अंतर्राष्ट्रीय संकट बढ़ रहा है, उससे सभी आयातित सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से कच्चा तेल, गैस और खाद की कमी देश में होती चली जा रही है। इनकी कीमतें बढ़ रही हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत कम होने से पिछले कई महीनो से दाम बढ़ते चले जा रहे हैं। इसका सीधा असर आम जनता और किसानों पर पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से किसानों को खाद महंगी मिल रही है और उनकी मांग से कम उपलब्ध हो रही है। जिसके कारण किसान समय-समय पर प्रदर्शन करते देखे जाते हैं। इसके अलावा कृषि उत्पादन भी प्रभावित होता है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी तरह अब गैस और पेट्रोल-डीजल की जो कमी देखने को मिल रही है इसका असर मजदूरों से लेकर हर वर्ग को पड़ रहा है। घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इसके परिणाम स्वरूप महंगाई और आर्थिक असंतुलन बढ़ रहा है। जिससे करोड़ों नागरिक रोजाना परेशान हो रहे हैं। सरकार का यह कहना कि 'सब कुछ सामान्य है'। जनता के बीच विश्वास की कमी पैदा कर सकता है। आम जनता को लग रहा है कि सरकार हमसे कुछ छुपा रही है। झूठ बोल रही है। वास्तविकता कुछ और है, सरकार कुछ और बता रही है। इसका असर सरकार की विश्वसनीयता पर पड़ रहा है। जमीनी स्तर पर पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों में आम लोगों को परेशानी हो रही है। स्वाभाविक रूप से आम लोगों में डर और असमंजस की स्थिति बन गई है। उनकी मजदूरी रोजगार और खाना-पीना तक इस स्थिति में प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में सरकार की पारदर्शिता और वास्तविक स्थिति को देखते हुए यदि सरकार सच बोलती है तो लोगों को वैकल्पिक साधन खोजने और इस समस्या का समाधान निकालने के लिए वह मानसिक रूप से तैयार हो सकेगी। यही समस्या का सबसे बड़ा समाधान है।

जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराना सरकार की जिम्मेदारी है। आम जनता को संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना सरकार की जिम्मेदारी है। विदेश नीति को लेकर भी सरकार की आलोचना हो रही है। सवाल उठता है, क्या 'सबके साथ व्यापारिक दोस्ती' की नीति हमें मजबूत बना रही है, या कमजोर? कर रही है। 'विश्व गुरु' होने का दावा तब तक अधूरा है जब तक भारत का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस ना हो। भारत ने कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, संकट के समय अंतर्राष्ट्रीय मंच पर क्या हमारी बात सुनी जा रही है या हमारा महत्व है। दुनिया के देशों के साथ वास्तविक समर्थन और प्रभाव में जो अभाव वर्तमान में देखने को मिल रहा है, वह चिंता का विषय है। इस कठिन समय में सरकार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर विदेशनीति में अपने पूर्व के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने होंगे। वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों की खोज, घरेलू उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे। जनता के साथ ईमानदारी और सत्यता के साथ सरकार को संवाद करना होगा। वास्तविकता छिपाने और अपने आपको सर्वज्ञ होने की मानसिकता से बचना होगा। सरकार आश्वासन से नहीं, समस्याओं के समाधान और स्पष्ट रणनीति से ही देश को इस संकट से उबार सकती है। सरकार के लिए यह समय है वास्तविक स्थिति के सच को स्वीकार करने का, ना कि उससे बचने का।

सत्ता पक्ष और विपक्ष को एक साथ आना होगा। तभी हम जो समस्याएं सामने आ रही हैं उन्हें निपटा पाएंगे। ईरान और अमेरिका के इस युद्ध में एक और सबसे बड़ा खतरा आर्थिक मंदी का है जो सारी दुनिया के देशों में होने जा रहा है। इसका असर भी भारत पर पड़ेगा। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं के ऊपर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। आम जनता से भारी टैक्स वसूल किया जा रहा है। आम जनता भी अपना जीवन-यापन आसानी से नहीं कर पा रही है। यह वास्तविक समस्याएं हैं। इनसे निपटने के लिए सत्ता पक्ष, विपक्ष और आम जनता को एकजुट होना पड़ेगा। यही समय की मांग है।

**सनत जैन**

## राज काज

### तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे ?

राज्यसभा के चुनाव में राजद को प्रमुख विपक्षी दल का दर्जा मिला है। तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष बने हैं। राजद के मुस्लिम विधायक फैसल रहमान ने मतदान में भाग नहीं लिया। कांग्रेस के तीन विधायकों ने मतदान में भाग नहीं लिया। नेता प्रतिपक्ष बने रहने के लिए कम से कम 24 विधायक चाहिए।यदि फैसल रहमान पर पार्टी कार्यवाही करती है। तो नेता प्रतिपक्ष का पद तेजस्वी यादव के पास नहीं रहेगा। इसको लेकर वह चुपचाप हैं।राजद के विधायक उनकी मजबूरी को समझ रहे हैं। इस स्थिति में दोनों हाथ से लड्डू लूटने में लगे हैं। इसे कहते हैं, राजनीति

### हालात से समझौता करना थरूर की मजबूरी

एक समय था, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर बहुत फैल-पसर रहे थे उनके तार सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ गए थे।उन्हें लग रहा था, वह केंद्रीय मंत्री बन जाएंगे। लेकिन कुछ नहीं हुआ। केरल में भाजपा हाशिए पर है। शशि थरूर का टकराव कांग्रेस पार्टी के साथ बढ़ गया था। उनका सपना केरल के मुख्यमंत्री बनने का था जो मुमकिन नही है। ऐसी स्थिति में वह वेणुगोपाल को रोकने में और अपनी स्थिति को मजबूत बनाने में लग गए हैं।समय सबको औकात पर ला देता है। यही शशि थरूर के साथ हो रहा है।

### शशि थरूर नहीं तो वेणुगोपाल भी नहीं

कांग्रेस के संगठन महासचिव वेणुगोपाल राहुल गांधी के विश्वास पात्र हैं। उन्हीं के कारण शशि थरूर कांग्रेस में कमजोर हुए। शशि थरूर मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर होकर वेणुगोपाल के रास्ते में कांटे बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा, केरल में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहां का मुख्यमंत्री चुनाव लड़के जीते हुए विधायक को ही मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। वेणुगोपाल चुनाव लड़ेंगे नहीं, इसलिए दौड़ से बाहर हो जाएंगे। रमेश चेन्नईथला, वीडी सतीशन और सुधाकरण के नाम अभी से मुख्यमंत्री के लिए चलना शुरू हो गए हैं। शशि थरूर राज नेता हैं, यदि वह मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, तो वेणुगोपाल को भी मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे।

### संविधान पवित्र या चुनाव की तारीख ?

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। मतदान और मतगणना की तारीख भी तय हो गई है। अभी तक पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची फाइनल नहीं हुई है। लाखों नाम पर सुनवाई चल रही है। इसके बाद भी चुनाव अधिसूचना जारी हो गई है। अब लोग कहने लगे हैं, संवैधानिक प्रावधान पवित्र हैं, या चुनाव आयोग द्वारा संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन करके जो तारीख घोषित की गई है,वह पवित्र है। जिस तरह भगवान को दोष नहीं दिया जा सकता है।इसी तरह चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को दोषी नहीं माना जा सकता है। वह भी ईश्वर के समान हैं।

# भगवान श्री राम मर्यादा, आदर्श रामराज्य का जीवंत दर्शन



विनोद कुमार सिंह

भारतीय संस्कृति की आत्मा में यदि किसी चरित्र ने सबसे गहरी और स्थायी छाप छोड़ी है, तो वह हैं भगवान श्रीराम। उनका जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं,बल्कि एक ऐसा नैतिक दर्शन है,जो युगों-युगों से मानवता को दिशा देता आया है। 'भय प्रकट पाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी' की यह पंक्ति उस दिव्य क्षण का स्मरण कराती है, जब स्वयं धर्म ने मानव रूप धारण कर पृथ्वी पर अवतार लिया। राम नवमी का पर्व इसी सत्य का उत्सव है,परंतु यह केवल उत्सव नहीं,बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन मर्यादा की एक ऐसी रेखा है,जिसे उन्होंने हर परिस्थिति में निभाया। यही कारण है कि उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा गया।उन्होंने यह सिद्ध किया कि महानता शक्ति में नहीं,बल्कि उस शक्ति के संयमित और न्यायपूर्ण उपयोग में निहित होती है।जब पिता की आज्ञा के कारण उन्हें वनवास का निर्णय लेना पड़ा, तब उन्होंने न तो परिस्थितियों से संघर्ष किया और न ही अपने अधिकारों का आग्रह किया,बल्कि सहज भाव से कर्तव्य को स्वीकार किया। यह केवल त्याग नहीं था, बल्कि यह उस आदर्श का प्रतिपादन था,जिसमें व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सुख से ऊपर समाज और परिवार के धर्म को रखता है।

श्रीराम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मर्यादा केवल सीमाओं का बंधन नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सार्थक बनाने का माध्यम है। उन्होंने अपने प्रत्येक संबंध को उसी गरिमा के साथ निभाया,जो एक आदर्श समाज की नींव बनती है। चाहे वह भ्रातृ प्रेम हो,पत्नी के प्रति निष्ठा हो,मित्रता का निर्वाह हो या प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व - हर स्थान पर उन्होंने एक ऐसी मिसाल कायम की,जो आज भी प्रासंगिक है। श्रीराम के व्यक्तित्व को समझने के लिए भारतीय परंपरा के दो महान ग्रंथ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं-वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में राम एक आदर्श मानव के रूप में चित्रित होते हैं,जो जीवन की कठिनाइयों,संघर्षों और द्वंद्वों से गुजरते हुए भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ते। वहाँ राम ईश्वर से अधिक एक ऐसे पुरुष हैं।

### भगवान श्री राम जी जन्मोत्व पर विशेष



जो अपने निर्णयों के माध्यम से यह दिखाते हैं कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, यदि मनुष्य अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे,तो वह आदर्श बन सकता है।वहीं गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में श्रीराम का स्वरूप और भी व्यापक हो जाता है। यहाँ वे केवल एक राजा या नायक नहीं, बल्कि करुणा और भक्ति के साकार रूप हैं। तुलसीदास ने उन्हें 'दीनदयाल' और 'भक्तवत्सल' के रूप में प्रस्तुत किया, जो हर उस व्यक्ति के सहायक हैं,जो सच्चे मन से उनकी शरण में आता है। इस प्रकार वाल्मीकि के राम जहाँ यथार्थ के धरातल पर खड़े हैं, वहीं तुलसी के राम अध्यात्म की ऊँचाइयों को स्पर्श करते हैं। दोनों मिलकर राम के उस समग्र स्वरूप को प्रस्तुत करते हैं, जिसमें मानवता और दिव्यता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। इसका अनुठा व अनोखा संगम का सबसे सुंदर और जीवंत रूप 'रामराज्य' में देखने को मिलता है। रामराज्य केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि एक आदर्श शासन व्यवस्था का प्रतीक है, जहाँ न्याय, समानता,सुरक्षा और समृद्धि का संतुलन स्थापित होता है।श्रीराम के शासन में प्रजा केवल शासित नहीं थी, बल्कि वह स्वयं को सुरक्षित,सम्मानित और संतुष्ट अनुभव करती थी। वहाँ भय का स्थान नहीं था,अन्याय का अस्तित्व नहीं था और शासन का उद्देश्य केवल जनकल्याण था।

रामराज्य की कल्पना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी त्रेता युग में थी। वर्तमान समय में जब समाज अनेक प्रकार के संकटों से जूझ रहा है -नैतिक पतन, सामाजिक असंतुलन और प्रशासनिक चुनौतियाँ–तब रामराज्य एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में हमारे सामने आता है। यह हमें सिखाता है कि यदि शासन में पारदर्शिता हो,समाज में समरसता हो और व्यक्ति के जीवन में मर्यादा हो, तो किसी भी राष्ट्र को आदर्श बनाया जा सकता है। श्रीराम का जीवन यह भी सिखाता है कि सच्चा अध्यात्म केवल पूजा और अनुष्ठान में नहीं,बल्कि आचरण में निहित होता है। उन्होंने कभी अपने आदर्शों का उपदेश नहीं दिया, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारकर दिखाया। यही कारण है कि उनका प्रभाव केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा,बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक जीवन के हर आयाम को उन्होंने प्रभावित किया।

# आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ बना है पाकिस्तान

मनोज कुमार अग्रवाल

विश्व भर में पाकिस्तान सबसे बड़ा आतंकवाद का गढ़ बन गया है। पाकिस्तान की खुद की कमर आज उस आतंकवाद ने तोड़ दी है जिसे कभी शह देकर उसने ही पाला पोसा था। इस बात की पुष्टि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स कर रहा है, जिसमें पहली बार पाकिस्तान शीर्ष स्थान पर पहुंचा है। साल 2025 में आतंकवाद से जुड़ी मौतों के मामले में 6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (आईईपी) द्वारा जारी ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 के अनुसार, पिछले साल पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में 1,139 मौतें दर्ज की गई, जो वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को दिखाती हैं। ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 में 163 देशों में आतंकवाद के असर का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान का अपने पड़ोसी देशों, खासकर अफगानिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं। इसके अलावा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की तरफ से बढ़ती हिंसा ने पाकिस्तान के लिए सुरक्षा जोखिमों को बढ़ा दिया है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों में मौत की संख्या भी चौंकाने वाली है। रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतें अब 2013 के बाद से अपने सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। 2025 में देश में आतंकवाद से 1,139 मौतें और 1,045 घटनाएं दर्ज की गई थी। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंडपीस की रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। कहा गया है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के भीतर सबसे खतरनाक आतंकी समूह के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। यह वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे खतरनाक आतंकी समूह है। आईईपी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2009 के बाद से पाकिस्तान में कुल हमलों में टीटीपी के हमलों का हिस्सा 67 प्रतिशत से ज्यादा रहा है, और पाकिस्तान में होने वाले हमलों के लिए यह दूसरे सबसे सक्रिय समूह, बीएलए के मुकाबले पांच गुना ज्यादा जिम्मेदार है। खास बात यह है कि दुनिया के 4 सबसे खतरनाक समूहों में टीटीपी ही एकमात्र ऐसा संगठन था जिसकी गतिविधियों में पिछले साल बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में टीटीपी की मारक क्षमता में भारी बढ़ोतरी हुई। आतंकवादी घटनाओं की संख्या 24 प्रतिशत बढ़कर 595 हमलों तक पहुंच गई। ये हमले मुख्य रूप से अफगानिस्तान की सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा इलाके में हुए, जिनमें 637 लोगों की मौत हुई-यह आंकड़ा 2011 के बाद से सबसे ज्यादा है।

रिपोर्ट बताती है कि 6000 से 6500 टीटीपी लड़ाके अफगानिस्तान के अंदर से काम कर रहे हैं और वहीं से पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। करीब 85% हमले अफगान सीमा के 10 से 50 किलोमीटर के दायरे में होते हैं। पाकिस्तान के कबायली इलाकों को लंबे समय तक ऐसे समूहों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। यहां से तालिबान, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा और बाद में टीटीपी जैसे संगठन मजबूत हुए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद टीटीपी को और सुरक्षित ठिकाना मिल गया। पाकिस्तान ने अफगान सरकार से कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## सुविचार

कबिरा आप ठगाइये, और न ठगिये कोय। आप ठगे सुख होत है, और ठगे दुख होय?

- कबीर

थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्योंकि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है।

- रहीम

## प्रसंगत

### जीवन का लक्ष्य

एक बार बाल गंगाधर तिलक अपने कुछ मित्रों के साथ बात कर रहे थे। उन दिनों उन्होंने वकालत पास की थी। एक मित्र ने पूछा, 'वकालत तो तुमने पास कर ली है। आगे के लिए क्या सोचा है? क्या अब सरकारी नौकरी करोगे या किसी कचहरी में वकालत ?' मित्र की बात सुनकर तिलक बोले, 'अब तुमने पूछ ही लिया है तो सुन लो। मुझे ऐसे पैसे की जरूरत नहीं जो मुझे सरकार का गुलाम बना कर रखे। मैं ऐसी वकालत नहीं करना चाहता, जहां दिन में कई बार झूठ बोलना पड़े।' बात आई-गई हो गई। सभी अपने-अपने कामों में लग गए। कुछ समय बाद एक दिन मित्रों को पता चला कि बाल गंगाधर ने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया है। तनख्वाह थी तीस रुपये महीना। यह सुनकर उस मित्र को सबसे ज्यादा आश्चर्य हुआ जिसने कुछ समय पहले उनका मन जानना चाहा था। उससे रहा न गया। वह अपना काम-धाम छोड़कर तिलक के पास जा पहुंचा। उनके पास जाकर उसने कहा, 'यह क्या किया तुमने? वकालत की डिग्री लेकर अध्यापक क्यों बन बैठे? क्या तुम शिक्षकों की आर्थिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं जानते? आज एक अध्यापक समाज के सबसे गरीब व असहाय वर्ग में गिना जाता है। दोस्त ! जब तुम अंतिम सांस लोगे, तब तुम्हारे दाह संस्कार के लिए भी शायद घर

## जरा हटके

# दुनिया के कई मंदिरों में आस्था के साथ दिखती है अद्भुत वास्तुकला

**बैंकॉक (ईएमएस)।** कई देशों में ऐसे मंदिर मौजूद हैं जिनकी संरचना, डिजाइन और निर्माण तकनीक शानदार है। इन मंदिरों को देखकर कोई भी आश्चर्यचकित रह जाता है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में स्थित वाट बेंचमाबोफिट, जिसे 'मार्बल टेंपल' के नाम से भी जाना जाता है, अपनी खूबसूरत सफेद इटैलियन मार्बल संरचना के कारण बेहद आकर्षक लगता है। इसका संतुलित और सुव्यवस्थित डिजाइन इसे वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण बनाता है। वहीं चीन के बीजिंग में बना टेंपल ऑफ हेवन 15वीं सदी का एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे पूरी तरह लकड़ी से बनाया गया है। खास बात यह है कि इसके निर्माण में एक भी कील का इस्तेमाल नहीं किया गया है, और इसका गोल तथा चौकोर आकार स्वर्ग और पृथ्वी का प्रतीक माना जाता है। भारत के राजस्थान में स्थित राणाकपुर जैन मंदिर अपनी बेजोड़ नक्काशी और 1400 से अधिक खंभों के लिए प्रसिद्ध है। इनमें से कोई भी दो खंभे एक जैसे नहीं हैं, जो इसकी अनूठी कारीगरी को दर्शाते हैं। इसी तरह जापान में स्थित सेइगांतो-जी मंदिर नाची जलप्रपात के पास बना है, जहां प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम देखने को मिलता है। मलेशिया के पेनांग में स्थित केक लोक सी मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे बड़े मंदिर परिसरों में गिना जाता है। यहां चीनी, थाई और बर्मी वास्तुकला का सुंदर मिश्रण दिखाई देता है।

वहीं कर्नाटक के हम्पी में स्थित विरुपाक्ष मंदिर 7वीं सदी का एक प्राचीन मंदिर है, जिसका ऊंचा गोपुरम और बारीक नक्काशी इसे खास बनाती है। स्पेन के बार्सिलोना में स्थित सागरदा फमिलिया पारंपरिक मंदिर न होते हुए भी अपनी अद्भुत वास्तुकला के कारण दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इसे प्रसिद्ध वास्तुकार एंटोनी गौडी ने डिजाइन किया था और इसका निर्माण आज भी जारी है। ये सभी मंदिर इस बात का उदाहरण हैं कि आस्था के साथ-साथ वास्तुकला भी एक महान कला है। इनकी संरचना, नक्काशी और स्थान का चयन इस तरह किया गया है कि ये न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि पर्यटन और

## फोटो ऑफ द डे



पयोगयांग पहुंचे बेलारुसी राष्ट्रपति एलेकजेंडर लुकासनेको का स्वागत करते हुए शीर्ष उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन।

## व्यंग

# बच्चा हाई-स्कूल में

अनूप कुमार शुक्ल

हमने पड़ोस के मित्र से पूछा -क्या बात है? आजकल दिखते नहीं। घर भी बंद ही रहता है हमेशा । कोई चहल-पहल नहीं दिखती। आवाज तक बाहर नहीं आती। सब ठीक तो है न ! मित्र ने जवाब देने के लिये लंबी सांस लेकर ढेर सारी आक्सीजन खींची लेकिन वह जब तक जवाब के साथ हवा निकाल सकें तब तक हर सुख-दुख में साथ रहने वाली उनकी पत्नी जी बोल पड़ीं- भाई साहब असल में बच्चा हाईस्कूल में है न ! उनके चेहरे पर तुरन्त सटीक जवाब देने का गर्व तथा बच्चे के हाईस्कूल में होने का बोझ चस्पाँ था। गर्व तथा बोझ के ऊपर-नीचे होते दो पलड़ों के बीच में उनकी गरदन तराजू की डंडी की तरह तनी थी।

हमारे तमाम जानने वालों के बच्चे हाईस्कूल में हैं। उनके चेहरे पर हाईस्कूल का भय है। उनके घरों में अनुशासन पर्व चल रहा है। बच्चा जुटा है पढ़ने में। मां, बाप जुटे हैं पढ़ाने में। टाइम टेबल तय है। आधा घंटा हिंदी, पचास मिनट गणित फिर पाँच मिनट रेस्ट फिर पचीस मिनट ये तीस मिनट वो 'विषय' रेलगाड़ियाँ हो गयीं जो कि प्लेटफ़ार्म बने बच्चे के ऊपर आती हैं, चली जातीं हैं। बच्चे की हर गतिविधि पर निगाह रखी जा रही है। गरदन हिली नहीं कि जबान हिल गयी-बेटा ऐसे कैसे चलेगा? तुम्हें अपने 'एक्जाम' की चिंता नहीं है ! बच्चा जो भी करता है मां-बाप कहते हैं- बेटा ऐसे करोगे तो कैसे चलेगा? मां-बाप विपक्षी दल हो गये हैं जिनका काम सत्ता पक्ष के हर कदम को गलत ठहराना होता है। हाईस्कूल बच्चों के लिये बवालेजान हो गया है। कल हम अपने मित्र के घर मिलने चले गये।खिड़की से झांक के देखा तो पाया कोहराम मचा था। आवाज सुनाई दी- हाईस्कूल में होते हुए ऐसी हरकतें करते शरम नहीं आती? हमें लगा कि किसी लड़की को छेड़ा होगा बच्चे ने या फिर वैलेन्टाइन डे पर इजहारे मुहब्बत कर दिया होगा जमाने की तर्ज पर जिस कारण जाट पिता बरस रहे होंगे उस पर। लेकिन बात इतनी छोटी न थी। पता लगा कि बच्चा रात के दो बजे आंख बंद किये खुले मुंह जम्हाई लेते पकड़ा गया था। वो तो कहो कि बच्चे की मां की नींद खुल गयी तथा उसने बच्चे को खुले मुंह पकड़ लिया नहीं तो बच्चा हाईस्कूल कर जाता और राज, राज ही रह जाता। मां ने तो खबरिया चैनेल की तरह रात को ही इस सनसनीखेज राज का खुलासा करने के लिये पति को हिलाया-डुलाया लेकिन वे खर्राटों की गिरफ्त में थे। हमें लगा कि मां-बाप भी पत्रकार बन गये हैं -अपने बच्चों के खिलाफ स्टिंग आपरेशन चला रहे हैं।

'मीर' की नीमबाज़ नायिका अगर हाईस्कूल कर रही होती तो मियां मीर तकी 'मीर' उसकी आंखों में शराब की मस्ती की बजाय लापरवाही का कुछ यूं खोजतेः-

'मीर' उन नीमबाज़ आंखों में, किस कदर बेपरवाही इम्तहान की है। बच्चे परीक्षा-महाभारत के मैदान में खड़े अर्जुन की तरह दुविधा में हैं जिनके पल्ले कृष्ण का ज्ञान नहीं मां-बाप की परस्पर विरोधी बातें पड़ी हैं:- सबेरे-सबेरे नहाने धोने में टाइम क्यों बरवाद कर रहे हो? पहले कुछ देर पढ़ाई कर लो। आंख खुली बस किताब लेकर बैठ गये ये नहीं कि पहले नहा धोकर तैयार हो जायें तब निश्चिंत होकर पढ़ें।

## चिंतन-मनन

### हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं।

जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं।

## स्वास्थ्य

# मार्च और अप्रैल का महीना शरीर के लिए बेहद संवेदनशील

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मार्च और अप्रैल का महीना शरीर के लिए बेहद संवेदनशील माना जाता है। इन दिनों में मौसम के बदलाव का समय होता है, जब सर्दी धीरे-धीरे खत्म होकर गर्मी की शुरुआत होती है। इस संक्रमण काल को वसंत ऋतु कहा जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरान शरीर में जमा कफ पिघलने लगता है, जिससे सर्दी-खांसी, सुस्ती, पाचन संबंधी समस्याएं और शरीर में भारीपन जैसी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर शरीर को संतुलित रखा जाए। आयुर्वेद के अनुसार, हेमंत और शिशिर ऋतु के दौरान शरीर में कफ का संचय होता है, जो वसंत के आते ही पिघलने लगता है। यही कारण है कि इस मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अगर इस समय सही दिनचर्या और संतुलित आहार अपनाया जाए, तो इन समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। सुबह जल्दी उठना और नियमित व्यायाम करना इस मौसम में बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इससे शरीर सक्रिय रहता है और कफ के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। खान-पान की बात करें तो इस मौसम में कफ को कम करने वाली चीजों को आहार में शामिल करना चाहिए। कड़वे और कसैले स्वाद वाले खाद्य पदार्थ शरीर के लिए लाभकारी माने जाते हैं। नीम के पत्ते, पुराना गेहूं, मूंग दाल और जौ जैसे अनाज इस दौरान विशेष रूप से फायदेमंद होते हैं।

# आयरलैंड में नो फोन कोड सख्ती के साथ लागू

### 12 साल से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल नहीं

### खेल मैदान और बच्चों के साथ बचपन




**आयरलैंड।** आयरलैंड में बच्चों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से बचाने के लिए 卐नो फोन कोड卐 सख्ती के साथ लागू किया गया है। इस पहल के तहत 12 साल से कम उम्र के बच्चों को स्मार्टफोन न देने की अपील की गई है। कई स्कूलों और अभिभावक समूहों ने मिलकर यह निर्णय लिया है, ताकि बच्चों का बचपन स्क्रीन की बजाय खेल मैदान में बीते।

रिपोर्ट्स के अनुसार, देश के हजारों अभिभावकों ने इस अभियान का समर्थन किया है। उनका मानना है कि कम उम्र में मोबाइल मिलने से बच्चों की पढ़ाई, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञ भी चेतावनी देते हैं कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों में एकाग्रता की कमी, नींद की समस्या और अकेलेपन की भावना बढ़ सकती है।

नो फोन कोड के तहत अभिभावक आपसी सहमति से तय करते हैं कि वे अपने बच्चों को एक निश्चित उम्र से पहले स्मार्टफोन नहीं देंगे। इससे बच्चों पर अनावश्यक दबाव भी कम होता है, क्योंकि जब सभी के पास फोन नहीं होगा तो किसी एक बच्चे को अलग महसूस नहीं होगा।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को फिर से खेल मैदान, किताबों और रचनात्मक गतिविधियों की ओर लौटाना है। अभिभावकों का कहना है कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे डिजिटल दुनिया में खोने के बजाय दोस्तों के साथ समय बिताएं, खेलें और वास्तविक अनुभवों से सीखें। आयरलैंड की यह पहल अब अन्य देशों के लिए भी एक उदाहरण बनती जा रही है।



चीन को मिला दुर्लभ खनिजों का नया भंडार......भारत और अमेरिका के लिए चिंता की बात(

# आस्ट्रेलिया में भी ईंधन संकट, पीएम अल्बनीज ने बुलाई मीटिंग कहा- ये बड़ा संकट है

**कैनबरा।** मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने दुनिया भर में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। इस भू-राजनीतिक अस्थिरता का सीधा असर अब ऑस्ट्रेलिया की ईंधन आपूर्ति पर प?ता दिख रहा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हालांकि देश में ईंधन की आपूर्ति फिलहाल अल्पकालिक रूप से स्थिर दिख रही है, लेकिन आने वाले महीनों में चुनौतियां और अधिक ब? सकती हैं।



कैनबरा स्थित संसद भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक मजबूत योजना तैयार करने पर दिन-रात काम कर रही है।

ऑस्ट्रेलिया अपनी जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर है, ऐसे में सरकार मलेशिया और अन्य आसियान देशों के साथ अपने सकारात्मक संबंधों का लाभ उठाने की कोशिश कर रही है ताकि आपूर्ति श्रृंखला बनी रहे। प्रधानमंत्री ने तेल संकट की गंभीरता को देखते हुए आगामी सोमवार को एक नेशनल कैबिनेट की विशेष बैठक भी बुलाई है, जिसमें राज्यों के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।

जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने स्थिति का आकलन करते हुए कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की मांग में अचानक भारी वृद्धि हुई है, जिससे क्षेत्रीय ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की कमी महसूस की जा रही है। आधिकारिक आंक?ों के अनुसार, देश भर के लगभग 470 सर्विस स्टेशनों पर कम से कम एक प्रकार का ईंधन पूरी तरह खत्म हो चुका है। संकट की गहराई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में केवल दो घरेलू रिफाइनरियां ही संचालित हो रही हैं। देश अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन आयात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा एशियाई देशों से आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एशियाई रिफाइनरियां कच्चे तेल के लिए मुख्य रूप से मध्य पूर्व पर निर्भर हैं, जहां से तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भेजा जाता है।

## ट्रंप का सनसनीखेज दावा कहा- खुफिया एजेंसी ने मुझे बताया ईरान के नए सुप्रीम लीडर गे हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक हालिया इंटरव्यू में ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई और ईरान की सैन्य स्थिति को लेकर कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने उन्हें जानकारी दी है कि ईरान के नए अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई समलैंगिक हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या सीआईए ने विशेष रूप से इस बात की पुष्टि की है, तो ट्रंप ने कहा कि उन्हें ऐसी जानकारी दी गई थी, हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि कई अन्य लोग भी इस तरह की बातें कर रहे हैं।

ट्रंप ने ईरान के कड़े शरिया कानूनों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी नए सुप्रीम लीडर के लिए एक खराब शुरुआत साबित हो सकती है। गौरतलब है कि ईरान में समलैंगिकता पूरी तरह से गैरकानूनी है और वहां इसके लिए मृत्युदंड तक के कड़े प्रावधान हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते जब खुफिया ब्रीफिंग के दौरान ट्रंप को यह बताया गया, तो वह काफी हैरान रह गए थे और उन्होंने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि, ट्रंप ने इन दावों के समर्थन में कोई सार्वजनिक या पुख्ता सबूत पेश नहीं किया है।

ईरान के साथ चल रहे तनाव और पश्चिम एशिया के संघर्ष पर बात करते हुए ट्रंप ने सैन्य मोर्चे पर भी बड़ी जीत का दावा किया। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा कि अमेरिका और इजरायल के संयुक्त प्रयासों ने तेहरान की सैन्य क्षमताओं को लगभग मटियामेट कर दिया है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका सैन्य रूप से यह युद्ध पहले ही जीत चुका है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अभियानों ने ईरान के सैन्य बुनियादी ढांचे के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों को पूरी तरह बेअसर कर दिया है।

## क्या दक्षिणी लेबनान को नया गाजा बनाने की तैयारी में जुटा इजराइल

**तेलअवीव।** लेबनान में जारी संघर्ष ने गंभीर मानवीय और रणनीतिक संकट पैदा कर दिया है। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ती टकराहट के बीच दक्षिणी लेबनान के हालात बेहद चिंताजनक हो चुके हैं। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों के कारण बड़े पैमाने पर तबाही और पलायन देखने को मिला है, जिससे यह आशंका है कि कहीं इस क्षेत्र को 卐नया गाजा卐 बनाने की रणनीति पर काम नहीं चल रहा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक करीब 1100 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि लगभग 12 लाख लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। संघर्ष के कारण पूरे-के-पूरे गांव खाली हो गए हैं और जहां पहले सामान्य जीवन चलता था, वहां अब सिर्फ मलबा और सन्नाटा नजर आता है।




आईपीएल 2026 का आगाज आज से, ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी।

# ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिलाओं की एंट्री पर रोक, आईओसी ने बदली नीति

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ट्रांसजेंडर एथलीटों को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। नई नीति के तहत 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 और भविष्य के सभी ओलंपिक खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं के खेलों में निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया है। आईओसी की नई गाइडलाइन के अनुसार, अब केवल बायोलॉजिकल महिलाओं, यानी जन्म से महिला खिलाड़ियों को ही महिला वर्ग में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए खिलाड़ियों को जीन टेस्ट से गुजरना होगा, जिसमें थूक, ब्लड सैंपल या गाल के जरिए सैंपल लिया जा सकता है।



हालांकि, जो एथलीट जन्म के समय महिला थे और बाद में खुद को ट्रांसजेंडर के रूप में पहचानते हैं, उन्हें महिला स्पर्धाओं में भाग लेने की छूट दी गई है।

आईओसी की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने इस फैसले को विज्ञान और चिकित्सा सलाह पर आधारित बताया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक जैसे उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है, ऐसे में प्रतिस्पर्धा का निष्पक्ष होना बेहद जरूरी है। उनके मुताबिक, बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला वर्ग में मुकाबला करना न केवल अनुचित है, बल्कि कुछ खेलों में सुरक्षा के लिहाज से भी जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर एथलीट के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा और इस प्रक्रिया के तहत खिलाड़ियों को अपने करियर में केवल एक बार स्क्रीनिंग करवानी होगी। आईओसी का यह कदम सभी खेलों के लिए एक समान नियम लागू करने की दिशा में उठाया गया है, ताकि अलग-अलग खेल संघों द्वारा अलग-अलग मानदंड तय करने की स्थिति समाप्त हो सके।

गौरतलब है कि इससे पहले आईओसी ट्रांसजेंडर महिलाओं को टेस्टोस्टेरोन स्तर के आधार पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की अनुमति देता था।

## आईपीएल 2026- दिल्ली कैपिटल्स की नई शुरुआत, अभिषेक पोरेल की प्यारी हरकत ने जीता दिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम नए जोश और मजबूत इरादों के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। पिछले सीजन में टीम ने शानदार शुरुआत की थी, लेकिन बाद में लय खोने के कारण खिताब की दौड़ से बाहर हो गई थी। ऐसे में इस बार टीम का लक्ष्य साफ है पहली बार ट्रॉफी जीतना। इसके लिए खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

कड़ी मेहनत के बीच खिलाड़ी हल्के-फुल्के पलों का भी आनंद ले रहे हैं। हाल ही में टीम के एक प्रैक्टिस सेशन के दौरान ऐसा ही एक दिलचस्प और भावुक दृश्य देखने को मिला, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अभ्यास के दौरान अचानक एक कुत्ता मैदान पर आ गया और पिच तक पहुंच गया। इस स्थिति में युवा खिलाड़ी अभिषेक पोरेल ने तुरंत आगे बढ़कर जिम्मेदारी दिखाई। उन्होंने कुत्ते को प्यार से अपनी गोद में उठाया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

अभिषेक की इस संवेदनशील और प्यारी हरकत ने टीम के अन्य खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। मैदान पर मौजूद सभी लोग इस दृश्य को देखकर खुश नजर आए। यही नहीं, पोरेल का यह 'डॉग लव' सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस घटना ने यह भी दिखाया कि खिलाड़ी मैदान के बाहर भी अपनी मानवीय संवेदनाओं को नहीं भूलते।

# 15 के हुए वैभव सूर्यवंशी, धमाकेदार प्रदर्शन से सुर्खियों में




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी 27 मार्च को 15 साल के हो गए हैं और इसके साथ ही उनके लिए सीनियर क्रिकेट में आगे बढ़ने का रास्ता और साफ हो गया है। बिहार के समस्तीपुर जिले से ताल्लुक रखने वाले वैभव ने बेहद कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया था। उन्होंने महज 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू कर सबको चौंका दिया था और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर तेजी से पहचान बनाई। उनकी काबिलियत को देखते हुए आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। अपने पहले ही आईपीएल सीजन में वैभव ने धमाकेदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। खास तौर पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़कर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया और 'वंडर बॉय' के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर ली।

हालांकि इसी सीजन का एक और पहलू भी काफी चर्चा में रहा, जिसमें उनके प्रदर्शन ने एक अन्य खिलाड़ी के करियर पर गहरा असर डाला। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 में अफगानिस्तान के ऑलराउंडर करीम जनत को 75 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। राजस्थान के खिलाफ मैच में उन्हें डेब्यू का मौका मिला, लेकिन यह मैच उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हुआ।

# आईपीएल 2026- आकाश चोपड़ा की भविष्यवाणी, ऑरेंज कैप की रेस में जायसवाल-गिल आगे



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें सीजन के आगाज के साथ ही एक बार फिर बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस सीजन में जहां युवा खिलाड़ियों से बड़े प्रदर्शन की उम्मीद है, वहीं अनुभवी खिलाड़ियों पर भी अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने का दबाव रहेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने ऑरेंज कैप और पर्पल कैप के संभावित दावेदारों को लेकर अपनी भविष्यवाणी साझा की है। आकाश चोपड़ा ने अपने विश्लेषण में ऑरेंज कैप के लिए भारतीय बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है। उन्होंने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबसे आगे माना है। दोनों बल्लेबाज पहले भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और ऑरेंज कैप जीतने का अनुभव रखते हैं। चोपड़ा का मानना है कि टी20 क्रिकेट में आमतौर पर सलामी बल्लेबाजों को ज्यादा मौके मिलते हैं, इसलिए इन दोनों खिलाड़ियों की दावेदारी मजबूत है। उन्होंने खास तौर पर यशस्वी जायसवाल को लेकर कहा कि यह उनके लिए 'ब्रेकआउट सीजन' साबित हो सकता है। पिछले कुछ समय में जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उन्हें इस रेस में सबसे आगे खड़ा करता है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि शुभमन गिल रन बनाने की भूख के साथ मैदान पर उतरेंगे, जिससे उनके बड़े स्कोर बनाने की संभावना और बढ़ जाती है।

इसके अलावा विराट कोहली और केएल राहुल को भी ऑरेंज कैप के दावेदारों में शामिल किया गया है। कोहली पहले ही दो बार यह खिताब जीत चुके हैं और उनका अनुभव उन्हें इस दौड़ में मजबूत बनाता है। वहीं चोपड़ा का मानना है कि अगर दिल्ली कैपिटल्स अच्छा प्रदर्शन करती है।

## आईपीएल 2026 से पहले राहत- पैट कमिंस की वापसी की तैयारी, एसआरएच को मिला बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली।** सनराईज हैदराबाद के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राहत भरी खबर सामने आई है। टीम के नियमित कप्तान पैंट कमिंस, जो लंबे समय से बैक इंजरी से जूझ रहे थे, अब धीरे-धीरे फिटनेस की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी वापसी के संकेत देते हुए बताया कि मैदान पर लौटना उन्हें अच्छा लग रहा है। कमिंस ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में भी अपनी रिकवरी को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह अब नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर चुके हैं और तय रिहैब प्लान के अनुसार धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों में उपलब्ध नहीं रहेंगे, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि ज्यादा समय तक बाहर नहीं रहना पड़ेगा।

» न्यूज कैप्सूल »

## उपजेल में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**पिपरिया ( ब्यूरो )।** भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत उप जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रिचा कटकवार के मार्गदर्शन में उप जेल में आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें टीबी स्क्रीनिंग, बलगम की जांच हेतु स्पूटम कलेक्शन,भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई हैंड हेल्ड एक्स.रे मशीन से बंदियों के एक्स रे किए गए । एनसीडी स्क्रीनिंग बीपी शुगर की जांच की गई एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान शिविर में डॉ मनीष डेहेरिया, योगेन्द्र दुबे एस टी एल एस, मनोज केवट एसटी एस, विनीत पांडे लैब टेकनिसियन, प्रियंका सराठे एक्स.रे टेकनिसियन,राधेश्याम केवट आदि मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय रबी प्रतियोगिता के लिये नर्मदापुरम टीम की चयन प्रक्रिया संपन्न



**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नर्मदापुरम जिला रबी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रबी प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल्स का आयोजन शासकीय आर एन ए खेल मैदान में किया गया। जिसमें पिपरिया, सोहागपुर, बाबई और नर्मदापुरम के जूनियर और सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी बालक बालिकाओं ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिला नर्मदापुरम रबी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । जिला रबी संघ सचिव सचिन पुर्विया ने बताया खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नर्मदापुरम टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम एल एन सी टी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय रबी प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। चयन प्रकिया में विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा,समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण प्रीतम सिंह पुर्विया, बबलू साहू, शेख जावेद, निर्तेंद्र भार्गव, भरतजी पटेल, शिवम पुर्विया, आशीष प्रजापति, अफशा खान, आदित्य कुशवाहा सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## मंदिरों में धूमधाम से मनाया भगवान राम का प्रकृट्यत्सव

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में नौ दिनों से मंदिरों और घरों में स्थापित घटों में विराजी आदिशक्ति माता की उपासना का मनाया जा रहा चैत्र नवरात्रि का महापर्व रिद्धि सिद्धि पूजन व हवन के साथ शुक्रवार को समाप्त हो गया। भक्तों ने घंटाल, शंख बजाकर मां आदिशक्ति का आह्वान किया और अपने द्वारा किए गए अपराधों की क्षमा याचना मांग परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं पूर्ण करने का वर भी मांगा। इस मौके पर माताओं ने ब्रह्म कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें कन्या भोज कराया। जबकि दूसरी ओर चैत माह के शुक्ल नवमी के दिन भगवान श्रीराम के जन्म होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में रामनवमी का त्योहार भी मनाया गया।

इसके पूर्व मंदिरों में गुरुवार को अष्टमी मनाते हुए कन्या। भोज कराया गया। आज शाम को जवारा विसर्जन होगा। वहीं दोपहर को अनूपपुर, कोतमा सहित कई स्था नों में युवाओं रामनवमी पर रैली निकाली।

रामनवमी के पावन अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल डोला रामनगर स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में दर्शन कर उनके श्रीचरणों में प्रणाम किया तथा समस्त जनकल्याण की कामना की। इस दौरान राज्य मंत्री ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

जिला मुख्यालय अनूपपुर के रामजानकी मंदिर सहित जिले भर की राम मंदिरों में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का प्रकृट्यत्सव मनाया गया। बाबा कुटी धाम, सहित अमरकंटक, जैतहरी, पसान, कोतमा, बिजुरी, राजेन्द्रग्राम, चाचई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए रहीं। यहां भक्तों ने मंदिरों और घरों में माता सीता संग भगवान श्रीराम और उनके भक्त श्रीहनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया।

# चित्रकूट में भावपूर्ण श्रद्धांजलि: पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को नमन

### श्री सद्गुरु सेवा संघ में पुष्पांजलि अर्पित; परिजनों से भेंट कर जताई संवेदना, सेवा कार्यों के विस्तार पर हुई अहम बैठक



**चित्रकूट।** प्रवास के दौरान आज एक अत्यंत भावपूर्ण और श्रद्धापूर्ण क्षण उस समय आया, जब श्री सद्गुरु सेवा संघ में पद्मश्री से सम्मानित स्वर्गीय डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उपस्थित जनों ने उनके प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान उनके सुपुत्र डॉ. इलेश जैन से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की गई। इस संवाद में उनके व्यक्तित्व की सरलता, संवेदनशीलता और सेवा भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। यह विश्वास व्यक्त किया गया कि अपने पूज्य पिता से प्राप्त संस्कारों और मार्गदर्शन के आधार पर वे आगे भी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन विशद भाई मफतलाल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी सेवा प्रकल्पों, विस्तार योजनाओं और समाजहित में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संगठन की भावी दिशा तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें सेवा गतिविधियों को और व्यापक बनाने, अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा सामाजिक सरोकारों को सशक्त करने के लिए कई बिंदुओं पर सहमति बनी।

पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, सेवा और समर्पण का भाव स्पष्ट रूप से झलकता रहा। यह प्रवास न केवल श्रद्धांजलि का अवसर बना, बल्कि समाज सेवा के नए संकल्पों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

## उपभोक्ता फोरम का फैसला विद्युत विभाग द्वारा सेवा में कमी क्षतिपूर्ति का आदेश

**दमोह।** दिनांक 26/03/2026 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह म.प्र. के द्वारा प्र.कें. 123/25 विनीश श्रीवास्तव बनाम डिवीजनल इंजीनियर म.प्र.वि.वि.कं. दमोह एवं प्र. कं. 133/25 सतीश कुमार नायक बनाम डिवीजनल इंजीनियर म.प्र.वि.वि.कं. दमोह के विरूद्ध उपभोक्ता फोरम प्रकरणों में उपभोक्ताओं ने परिवाद इस आशय का पेश किया कि परिवादी विनीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विद्युत बिलों का लगातार भुगतान किये जाने के बाद भी तकनीकि फाल्ट होने के कारण मीटर बंद होने से मीटर रीडिंग कर्ताओं द्वारा मीटर की रीडिंग न लेने के बाद भी बंद मीटर का बिल दिया गया जिसका परिवादी द्वारा भुगतान भी किया गया तथा उक्त विषय में जांच हेतु आवेदन भी दिया परन्तु विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न करते हुए पुन: बंद मीटर का अत्यधिक बिल दे दिया तथा शिकायत के कारण दुर्भावनावश नया स्मार्ट मीटर भी परिवादी की अनुपस्थित में परिवादी के घर बिना अनुमति लगा दिया। शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तथा विद्युत बिल 17346/-रूपये का दे दिया गया जिस कारण परिवादी ने बिल जमा नहीं किया जिस पर विद्युत विभाग द्वारा परिवादी की विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई तथा विद्युत बंद होने के बाद भी जुलाई 2025 में परिवादी को 29800 रूपये एवं अगस्त में 32466 का बिल थमा दिया। जिस कारण परिवादी विनीश श्रीवास्तव एवं सतीश नायक ने एक परिवाद अपने अधिक्ता श्री पंकज खरे के माध्यम से उपभोक्ता फोरम दमोह में पेश किया।

# पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यमंत्री लखन पटेल को ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह द्वारा माननीय लखन पटेल जी मंत्री, पशुपालन एवं दुग्ध विभाग जी को मध्यप्रदेश के शिक्षकों हेतु टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने संबद्ध में ज्ञापन सौंपा। पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के जिला अध्यक्ष/प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि संस्थापक सतीश खरे एवं प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया के निर्देशन में आज माननीय मंत्री लखन पटेल जी को मध्य प्रदेश के शिक्षकों हेतु टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने संबद्ध के ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति समय-समय पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी नियमों एवं आदेशों के अंतर्गत की गई है। प्रदेश के हजारों शिक्षक वर्षों से अपनी पूर्ण योग्यता, दक्षता एवं अनुभव के आधार पर शासकीय विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा निरंतर बेहतर परीक्षा परिणाम दिए जा रहे हैं तथा शासकीय विद्यालयों के छात्र विभिन्न उच्च पदों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में 20-25 वर्षों का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षकों से टीईटी परीक्षा देना अपेक्षित करना उचित एवं न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2005, 2008 एवं 2011 में व्यापम के माध्यम से पात्रता परीक्षा आयोजित कर संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। उस समय संबंधित शिक्षकों ने पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर ही नियुक्ति प्राप्त की थी। अत: वर्तमान में पुन: टीईटी परीक्षा के लिए बाध्य करना तर्कसंगत नहीं है। पीएमयूएम शिक्षक संघ ने माननीय मंत्री लखन पटेल जी से आग्रह किया कि आप अपने माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा टीईटी अनिवार्यता के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका (त्मअपमू च्मजपजपवद) दायर करने की कृपा करें, जिससे वर्षों से कार्यरत अनुभवी शिक्षकों को न्याय मिल सके एवं मार्च 2026 में जिन शिक्षकों ने 12 वर्ष की सेवा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है उन सभी शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश जारी करवाने के लिए आग्रह किया।

# हॉकी मध्यप्रदेश महासचिव लोकबहादुर दिल्ली में सम्मानित

**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश के लिए गौरव के पल आज हॉकी इंडिया द्वारा दिल्ली मे आयोजित वार्षिक सम्मेलन मे हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर को सर्वश्रेष्ठ संघ के रूप मे सम्मानित किया तथा दस लाख की राशि भी प्रदान की जिससे हॉकी मध्य प्रदेश के विभिन्न आयोजन एवम सहभागिता हेतु प्रदान की। इस अवसर पर हॉकी इडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की महासचिव भोलानाथ जी कोषाध्यक्ष जे कुमारन उपस्थित रहे। हॉकी मध्य प्रदेश को वर्ष सोलह से वर्तमान तक तेतीस मेडल प्राप्त हुये।हॉकी मध्य प्रदेश की उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह हाकी मध्य प्रदेश से गोर मास्साब विजय वर्मा ललित नायक जगेनदर तोमर सहसचिव किशोर शुक्ला




मकसूद राजेश गढवाल हरिशंकर यादव राजेश आभा रोहित भगवान सिंह कफील खान विजय अल्ताफ खान हॉकी मध्य प्रदेश महिला साई कोच सरोज राजपूत विकास जैन तरूण नामदेव विवियन आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# युवा कुशवाहा समाज ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाई



**दमोह।** विश्वप्रसिद्ध शक्तिशाली एवं मौर्य राजवंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती युवा कुशवाहा समाज द्वारा पुरानी जिला पंचायत में अशोक स्तम्भ पर मनाई गई. सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे और साहू समाज के प्रदेशकार्यकारी अध्यक्ष सत्येंद्र साहू...एवं कुशवाहा भाइयों ने एकसाथ सम्राट अशोक मौर्य के चित्र पर माल्यार्पण किया.उसके उपरांत श्याम शिवहरे जी ने सम्राट अशोक की जीवन गाथा सुनाते हुए कहा कि सम्राट अशोक (शासनकाल: लगभग 268-232 ईसा पूर्व) मौर्य वंश के तीसरे और सबसे महान शासक थे, जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। प्रारंभ में क्रूर ('चंडाशोक') माने जाने वाले अशोक ने, 261 ईसा पूर्व के भयानक कलिंग युद्ध के नरसंहार से द्रवित होकर बौद्ध धर्म अपना लिया और अहिंसा, प्रेम व 'धम्म' के मार्ग पर चल पड़े। सम्राट अशोक सेना के अध्यक्ष ने कहा कि अशोक भारत के मौर्य वंश के अंतिम प्रमुख सम्राट थे। उन्होंने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शासन किया। बौद्ध धर्म के प्रति उनके व्यापक संरक्षण ने पूरे भारत में इस धर्म के प्रसार को बढ़ावा दिया।युवा कुशवाहा समाज के गोपाल पटेल ने कहा कि अशोक के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने 40 साल के राज में करीब-करीब पूरे भारतीय उपमहाद्वीप को एक सरकार के अंतर्गत जोड़ दिया था.चाणक्य (लगभग 371-283 ईसा पूर्व) प्राचीन भारत के एक महान दार्शनिक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ थे, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और वहीं शिक्षक भी रहे। चाणक्य ने नंद वंश का नाश कर चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की और अखंड भारत का निर्माण किया।

# रामलला की निकली भव्य शोभायात्रा





**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर में श्री रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को पचमढ़ी रोड दुर्गा मंदिर से रामनवमी के अवसर पर रामलला की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर के गणमान्य नागरिको सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक शामिल हुए। शोभा यात्रा नगर के पचमढ़ी रोड स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर पचमढ़ी रोड, इतवारा बाजार, काली मंदिर, माता मार्ग संगम, मंगलवारा बाजार,सीमेंट रोड से होती हुई पुराना गल्ला मंडी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बैंड बाजे व डीजे पर बज रहे भक्ति धुनों पर थिरकते नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, ममता नागवंशी, पूर्व जिला दिशा निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, कांग्रेस से राजा पलिया, कांग्रेस अध्यक्ष नगर उदय सिंह राजपूत, शरद चौधरी, हरीश बेमन, कमलेश ठाकुर, सुनीत पुरोहित, दीप सिंह छावड़ा, कमलेश साहू, सुमंगल सिंह राजपूत, सुनील ठाकुर, सुश्री सुधा सिलावट, सागर दुबे सहित राजनीतिक दल के कार्यकर्ता जुलूस में शामिल होकर लोगों को संयमित तरीके से अपनी खुशी इजहार करने का संदेश दे रहे थे। परंपरागत हथियार लिये श्रद्धालु भक्ति धुनों पर थिरकते नजर आ रहे थे। इस दरम्यान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते हीं बन रहा था। शोभा यात्रा में घोड़े पर चार बालिकाएं अपने हाथ में तलवार व धर्मध्वज लेकर आगे चल रही थी। वहीआकर्षक मंदिर की झांकी भी थी जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण तथा हनुमान साक्षात विराजमान थे। वहीं भक्तों का हुजूम जय श्री राम के नारे लगाते आगे बढ़ रहा था। चहुंओर श्रीराम के नारे से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। इस दरम्यान भक्ति की अद्भुत बयार बह रही थी। जुलूस में शामिल लोग हर आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरित करते नजर आ रहे थे। वहीं शोभा यात्रा के स्वागत को लेकर लोग सड़कों पर उतर आये थे। जगह जगह पर शोभा यात्रा में शामिल भगवान की प्रतिमा की आरती भी उतारी गयी। इस दौरान आस्था का सैलाब सड़क पर उमड़ा हुआ दिख रहा था।

### रथ,गौडी नृत्य व ढोल रहे आकर्षण का केंद्र-

शोभायात्रा में भगवान श्री राम का रथ ,बाहर से आए गौडी कलाकारो द्वारा गौडी नृत्य व ढोल आकर्षण का केंद्र रहा। रथ पर सवार भगवान राम के साथ राम दरबार के सभी भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं रथ के आगे बालिकाए घोड़े पर सवार धर्म ध्वजा लेकर चल रही थी। शोभायात्रा में ढोल-ढमाकों के साथ श्रद्धालु भक्त झूमते नाचते भगवान श्री राम के जयकारे लगा रहे थे।

## शादी से इंकार पर नातरा-झगड़ा में 13 लाख मांगने वाला आरोपित गिरफ्तार

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कोतवाली थाना पुलिस ने युवती द्वारा शादी से इंकार करने पर नातरा-झगड़ा प्रथा के तहत 13 लाख रुपए की मांग करने और धमकाने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने शुक्रवार को बताया कि फरियादी भगवानसिंह सौंधिया निवासी वीरेंद्रपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पुत्री कलीबाई की सगाई करीब 10 वर्ष पूर्व ग्राम पिपलबेपुरोहित निवासी विष्णु सौंधिया से हुई थी, लेकिन बेटी पढ़ाई जारी रखना चाहती है और विवाह के लिए तैयार नहीं है। इसी बात से नाराज होकर 15 मार्च को आरोपी विष्णु और उसके पिता रामसिंह सौंधिया फरियादी के खेत पर पहुंचे और नातरा-झगड़ा के नाम पर 13 लाख रुपए की मांग की। रकम न देने पर जान से मारने और फसल नष्ट करने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर धारा 308(5), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी विष्णु सौंधिया को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया ।कार्रवाई में थाना प्रभारी मंजू मखेनिया, एसआई सुभाष द्विवेदी, प्रआर जितेंद्र शर्मा, आर. गौरव तथा विवेक पाटिल का विशेष योगदान रहा।

# संसद में गूंजी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की सुरक्षा की मांग

### पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही पर सांसद चौधरी का सशक्त प्रहार

### पत्रकार सुरक्षित तो लोकतंत्र मजबूत-सांसद में उठा बड़ा सवाल



**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नई दिल्ली संसद के लोकसभा सदन में शुक्रवार को होशंगाबाद.नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शून्यकाल के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही से जुड़े अहम मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता की सुरक्षा, सम्मान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। जो सत्ता और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत पत्रकार आज भी कई जोखिमों का सामना कर रहे हैं और उन्हें अपेक्षित सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने सरकार से पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति बनाने की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिनमें सुरक्षा व्यवस्था,बीमा, शिक्षा सहायता, आवास सुविधा और यात्रा में रियायत शामिल हैं। जब कलम सुरक्षित होगी तभी सच निर्भीक होकर सामने आएगा और लोकतंत्र मजबूत होगा।

### पत्रकारिता की आड़ में हो रहे दुरुपयोग और अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगे-

इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता की आड़ में हो रहे दुरुपयोग और अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने की भी बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईमानदार पत्रकारों की सुरक्षा जितनी जरूरी है उतना ही जरूरी गलत प्रवृत्तियों पर नियंत्रण भी है। अंत में सांसद चौधरी ने सरकार से इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाने का आग्रह करते हुए, कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना समय की मांग है। जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त बन सके।

# देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा मप्र, 11.6 फीसद विकास दर से कर रहा प्रगति: मोहन यादव

## अब तक का सबसे सुव्यस्थित और भव्य होगा उज्जैन सिंहस्थ, अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए की जा रही हैं तैयारियां



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारा प्रदेश देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। मध्य प्रदेश 11.60 प्रतिशत की विकास दर से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय मीडिया समूह की एनुअल समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से अच्छे परिणाम देने का मॉडल तैयार किया है। हम कम संसाधनों में भी बेहतर से बेहतर रिजल्ट दे रहे हैं। राज्य सरकार के पास 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समानुपातिक आवंटन के लिए पर्याप्त धनराशि है। जनकल्याण के साथ हम प्रदेश के औद्योगिक और अधोसंरचनात्मक विकास के लिए भी सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विकास के लिए हर क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। हमारी कृषि विकास दर भी पहले से बेहतर हुई है। हमने बीते दो साल में औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देकर जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर मध्य प्रदेश में निवेश के लिए एक नया माहौल तैयार किया है। बीते दो साल में प्रदेश में करीब 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। यह हमारे अपने राज्य की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। लाड़ली बहना योजना में हमारी 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार बहने हैं। इनके हित में हम हर महीने 1500-1500 रुपये खाते में डाल रहे हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। भारत सरकार के वित्तीय व्यवस्था के जो उच्चतम मापदंड है, उसके दायरे में रहकर हम अपनी आय-व्यय को विनियमित कर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बारे में कहा कि उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। यह केवल उज्जैन और मध्य प्रदेश का ही नहीं देश का भी सबसे गरिमापूर्ण आयोजन है। उज्जैन की आबादी 8 लाख है, पर सिंहस्थ के दौरान यहां दो महीनों के भीतर 40 करोड़ लोग आएंगे। इसके लिए हमें उज्जैन को तैयार करना है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को बाल बराबर भी कष्ट न होने पाए, हमारी सरकार इसके लिए सारे प्रबंधन करके चल रही है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली और हमारी भाजपा सरकार जनता की पसंद बनी हुई है। इसलिए तो हमारी सरकार विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। देश के 21 से अधिक प्रदेशों में हमारी सरकार है। जहाँ आज भी जनता काम पसंद करती है। प्रधानमंत्री की कार्यनीति को भी जनता पसंद करती है। जनता जान रही है कि दुनिया के सामने भारत का मान बढ़ रहा है, सम्मान बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने पद के अनुरूप आचरण नहीं कर रहे हैं। उन्हें कितना बड़ा मौका मिला है, लेकिन उन्होंने इस पद की गरिमा का पतन कर दिया है। भारत-पाकिस्तान में स्ट्राइक हो रही है और अपोजिशन लीडर सेना का मनोबल गिरा रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 1971 में बांग्लादेश के समय स्व. अटल बिहारी वाजपेई पूरी दृढ़ता से सरकार के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा था- हम सेना के साथ हैं। जब राष्ट्रीय संकट हो तो देश के साथ रहना चाहिए, यह विपक्ष को सीखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और वायु हमेशा सीमाओं से परे होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश को दो राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। यह परियोजना राज्यों के हित में है। इस राष्ट्रीय परियोजना की 90 प्रतिशत लागत राशि भारत सरकार दे रही है। हमारा मध्य प्रदेश तो नदियों का मायका है। यहां 250 से ज्यादा नदियां हैं। हमारे पड़ोसी राज्य राजस्थान के 15 जिले सालों से पीने के पानी, उद्योग और सिंचाई के लिए भारी कष्ट में थे। अटल जी की सरकार के वक्त नदी जोड़ो योजना बनी थी लेकिन राजस्थान और मध्य प्रदेश की सरकार के साथ तालमेल न होने से इस विषय को लटकाए रखा।

# ब्रीफ न्यूज

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेट्रोल-डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती का किया स्वागत

### प्रधानमंत्री श्री मोदी का जताया आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम एशिया में इन दिनों हो रही भारी उथल-पुथल के बीच भारत सरकार द्वारा घरेलू खपत के लिए डीजल-पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर कटौती और डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर एवं हवाई ईंधन (एटीएफ) पर 29.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाये जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का यह निर्णय पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने में बेहद महत्वपूर्ण है। इससे वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का असर भारतीय उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा और घरेलू खपत के लिए इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## ए एन एम कार्यकर्ता वर्ष-2023 परीक्षा के अभ्यर्थियों का पुन-परीक्षण होगा 6 अप्रैल से 17 अप्रैल तक

**भोपाल।** अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 06 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा। परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं म.प्र. पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा। संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर परीक्षण करा सकेंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रसंत श्री सुंदर दास की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान कवि एवं राष्ट्रसंत 1008 श्री सुन्दर दास जी महाराज की 430वीं जयंती पर उनका पुण्य स्मरण कर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत श्री सुन्दर दास जी का जीवन सभी नागरिकों को ज्ञान, भक्ति और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत श्री की जयंती पर खंडेलवाल समाज को शुभकामनाएं दीं हैं।

## माँ के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं -उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में महा अष्टमी पर गत रात्रि रीवा के रानी तालाब मंदिर परिसर में विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि माँ के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं। हम सभी पर माता का आशीर्वाद बना रहे और हमारा रीवा हर क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि माँ भगवती के जागरण से देवी माँ प्रसन्न होती हैं। प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहे और माता का आशीर्वाद हमको मिलता रहे। उन्होंने कहा कि इस समय मानवता संकट में है। इस संकट से सिर्फ माँ ही उबार सकती हैं। उन्होंने कहा कि माता के दरबार एवं रानी तालाब के चमकने के साथ ही रीवा भी चमकने लगा है। हम सब की प्रार्थना है कि माँ हमें आशीर्वाद देती रहें और रीवा की चमक बरकरार रहे। उप मुख्यमंत्री ने देवी जागरण में भजन की प्रस्तुति देने वाली गायिका यशस्वी की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित ब?ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल श्री पटेल ने रामनवमी पर लोकभवन मंदिर में की पूजा-अर्चना

### कन्या-पूजन कर उपहार प्रदान किए, प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व पर लोकभवन स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कन्या-पूजन किया और कन्याओं को उपहार भी प्रदान किए। राज्यपाल श्री पटेल ने श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की है।

कार्यक्रम में नियंत्रक हाउस होल्ड श्रीमती शिल्पी दिवाकर और लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश पुलिस ने 2 करोड़ से अधिक के गुम हुए 977 मोबाइल फोन खोज कर मालिकों को लौटाए



**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस का सायबर सेल ऑन लाइन ठगी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ चोरी गए अथवा गुम हुए मोबाइल फोन इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बरामद करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

इस क्रम में मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलाए गए विशेष अभियान एवं तकनीकी विश्लेषण के तहत 2 करोड़ 86 लाख रूपये के गुम हुए 977 मोबाइल फोन खोजकर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए हैं। ये मोबाइल फोन पुलिस ने संबंधित लोगों को कार्यालय बुलाकर सुपुर्द भी कर दिए हैं। जिन लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिले हैं वो सभी बहुत खुश हैं और मध्य प्रदेश पुलिस की सराहना कर रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि राजगढ़ जिले में 卐ऑपरेशन ट्रेस एंड रिटर्न卐 के तहत पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक एवं ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए 451 गुम/चोरी मोबाइल फोन कीमत लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये के बरामद किए। ये मोबाइल फोन अन्य जिलों एवं राज्यों जैसे बिहार, राजस्थान, गुजरात एवं उत्तरप्रदेश से भी प्राप्त किए गए हैं। वहीं, इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा सिटीजन कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के 251 गुम मोबाइल फोन बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किए गए। ये मोबाइल फोन इंदौर सहित गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से ट्रेस किए गए, जिनमें आईफोन, वन प्लस, सैमसंग, रेडमी, वीवो, ओप्पो, रियलमी जैसी विभिन्न कंपनियों के महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं।

इसी तरह नर्मदापुरम जिले में विशेष अभियान चलाकर 147 मोबाइल फोन (कीमत 20 लाख रुपये से अधिक) बरामद किए गए, रतलाम साइबर सेल द्वारा 100 मोबाइल (कीमत लगभग 20 लाख रुपये) ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द किए गए।

सीधी जिले में मिशन मिसिंग मोबाइल के तहत थाना सेमरिया पुलिस ने 20 गुम मोबाइल (कीमत लगभग 2 लाख 77 हजार रुपये) बरामद कर संबंधित आवेदकों को लौटाए।

बड़वानी जिले के सेंधवा शहर थाना पुलिस द्वारा एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 08 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 80 हजार रुपये) जप्त किए गए। इन समस्त कार्यवाहियों में ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल, सिटीजन कॉप एप एवं साइबर सेल की तकनीकी जांच का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# एलपीजी की कालाबाजारी के 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज, 2888 सिलेण्डर किए गए जब्त

## मप्र में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक: खाद्य मंत्री राजपूत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्य प्रदेश में एलपीजी (एलपीजी), पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। भारत की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है। जिससे सप्लाई में कोई रुकावट नहीं है। मंत्री राजपूत ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2046 स्थानों पर जांच की गई और 2888 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 09 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। रसोई गैस (एलपीजी) की स्थितिएलपीजी के बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं।

### पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता

प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल (एमएस/एचएसडी) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी ऑयल कंपनियों के पास रोजाना नया स्टॉक पहुँच रहा है। इससे आने वाले दिनों की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

### पैनिक बाइंग और भीड़ का कारण

मध्य प्रदेश में सामान्य बिक्री प्रतिदिन लगभग 9 किलोलीटर पेट्रोल और 18 किलोलीटर डीजल की होती है। पिछले कुछ दिनों में ग्राहकों द्वारा पैनिक बाइंग (डर के कारण अधिक खरीदारी) करने से कुछ जिलों में बिक्री 2 से 2.5 गुना बढ़ गई है। इसी वजह से कुछ पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें और अस्थायी रूप से स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति बनी थी। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है। कंपनी के डिपो से भी डीजल/पेट्रोल की लगातार पूर्ति की जा रही है।

### अतिरिक्त मांग को पूरा करने के कदम

इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए सभी सप्लाई लोकेशन ज्यादा समय तक काम कर रहे हैं और मांग को पूरा कर स्थिति को सामान्य किया जा रहा है।

### अपील

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा है कि मध्य प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल, डीजल क्रय करें। किसी प्रकार का संग्रह न करें। ऑयल कंपनी की ओर से यह दोहराया गया है कि एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में है। मध्य प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

# अमृत सरोवर से रिझोरा में लौटी हरियाली और खुशहाली



**भोपाल।** ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायत दौलतपुर के ग्राम रिझोरा ने जल संरक्षण की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। कभी पानी की कमी से जूझता ग्वालियर जिले का यह गांव आजअमृत सरोवर के कारण समृद्धि और खुशहाली की नई कहानी लिख रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनकर तैयार हुए इस सरोवर ने न केवल गांव की तस्वीर बदली है, बल्कि भू-जल स्तर में अभूतपूर्व वृद्धि कर किसानों के जीवन में नई ऊर्जा भर दी है। ग्राम रिझोरा में पहले जल संचय के लिए कोई प्राकृतिक स्रोत नहीं था, जिससे भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा था। खेती, पेयजल और पशुओं के लिए पानी की समस्या गंभीर होती जा रही थी। इस चुनौती से निपटने के लिए ग्राम सभा ने सामूहिक निर्णय लेकर तालाब निर्माण का संकल्प लिया।

ग्रामीणों की दो वर्षों की मेहनत और सरकार की विभिन्न योजनाओं के संयोजन से लगभग 16.77 लाख रुपये की लागत से यह सरोवर बनकर तैयार हुआ है। पिछले साल की अच्छी बारिश में यह सरोवर लबालब भर गया। सरोवर के भरने के साथ ही गांव का भू-जल स्तर तेजी से बढ़ा। जो कुएं सूखने की कगार पर थे, वे फिर से जल से भर गए और बंद पड़े बोरवेल भी पुनः चालू हो गए। इससे सिंचाई के साधन मजबूत हुए और खेती को नई दिशा मिली। रिझोरा का यह अमृत सरोवर साबित करता है कि सामूहिक प्रयास, सही योजना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता से किसी भी गांव की तस्वीर बदली जा सकती है।

# रतलाम के डायल-112 हीरोज: मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल हुए 03 व्यक्तियों को त्वरित सहायता कर पहुँचाया अस्पताल

**भोपाल।** रतलाम जिले के थाना इंडस्ट्रियल एरिया जावरा क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्पर एवं संवेदनशील कार्रवाई से मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल एक बच्ची सहित तीन व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। इस त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय रहते चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।

दिनांक 26 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना इंडस्ट्रियल एरिया जावरा क्षेत्र अंतर्गत सवेरा होटल, बेगमपुरा चौराहे के पास एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें एक बच्ची सहित पति-पत्नी घायल हो गए हैं एवं तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही इंडस्ट्रियल एरिया जावरा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक श्री संदीप कुमरे एवं पायलट श्री नंद लाल ने मानवीय संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए सभी घायलों को एफआरव्ही वाहन की मदद से शीघ्रता से शासकीय चिकित्सालय, जावरा पहुँचाया, डायल-112 की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आपात परिस्थितियों में आमजन की सहायता हेतु सदैव सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भगवान भैरवनाथ एवं माँ बूढ़ी माता के दर्शन किए



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत दिवस महा अष्टमी पर रीवा के गुड़ के समीप भैरवनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन किए। उन्होंने भैरवनाथ लोक में निर्मित कार्यों का निरीक्षण किया तथा प्रगतिरत कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बूढ़ी माता मंदिर में माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

# अब वाराणसी में गूंजेगी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा

## 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में होगा महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मोहन सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गौरवमयी अभियान विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत, मोक्षदायिनी नगरी वाराणसी में आगामी 3 से 5 अप्रैल 2026 तक भव्य 卐महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य卐 का मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रुचि और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी पहुँच रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय न्यायप्रियता, वीरता और सुशासन के जीवंत प्रतीक हैं। वाराणसी में होने वाला यह महानाट्य जन-जन को उस वैभवशाली कालखंड से परिचित कराएगा। जब सम्राट विक्रमादित्य ने आज से लगभग 2100 वर्ष पूर्व आक्रांता शकों का समूल नाश कर %विक्रम संवत% का प्रवर्तन किया था, यह संवत विश्व की प्राचीनतम काल-गणनाओं में से एक है, जो भारतीय विज्ञान और खगोल शास्त्र की श्रेष्ठता को दर्शाता है। वाराणसी में होने वाली तीन दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के शकारि और साहसांक बनने की गाथा को जीवंत किया जाएगा।

# जौरा सब स्टेशन में उच्च क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित: ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा मुरैना जिले की विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने के लिए 132 केवी जौरा सब स्टेशन की क्षमता में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि सब स्टेशन में पूर्व स्थापित 20 एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 50 एमवीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इससे मुरैना जिले की पारेषण प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा जौरा क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेगी।

मंत्री श्री तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के औद्योगिक, कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिलेगा और भविष्य में बढ़ती विद्युत मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

### इन क्षेत्रों को होगा लाभ

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री राजीव तोतला ने जानकारी दी कि जौरा सब स्टेशन में नए पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से कुम्हेरी, जौरा, सुमावली, सांकरा, सिटी जौरा, चिनौनी, नवोदय तथा बगचिनी सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 18 हजार विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इनमें औद्योगिक, कृषि एवं घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं।

### जिले की ट्रांसफार्मेशन क्षमता में वृद्धि

अधीक्षण अभियंता श्री राजीव ने जानकारी दी कि 20 एमवीए के स्थान पर 50 एमवीए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित होने से जौरा सब स्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 113 एमवीए हो गई है।

एमपी ट्रांसको मुरैना जिले में 220 केवी के 2 सब स्टेशन (मुरैना एवं सबलगढ़) तथा 132 केवी के 7 सब स्टेशन (मुरैना, बामोर, अम्बाह, बड़ागांव डिमनी, कैलारस, जौरा एवं पोरसा) के माध्यम से विद्युत पारेषण कर रही है। इस नए ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 1482 एमवीए हो गई है, जिससे विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता एवं स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित। ***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9131883521, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**